राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



11 ▶ बेहद ग्लैमरस हैं सनी देओल की ऑन...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



हज यात्रा का हवाई किराया बढ़ने पर... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 01 मई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 53, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता, 42 करोड़ की हेरोइन बरामद, अमृतसर-जालंधर हाईवे पर ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। अमृतसर की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने अमृतसर-जालंधर हाईवे पर अड्डा मानावाला के पास कार्रवाई करते हुए एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से 6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।
डीजीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि



गिरफ्तार आरोपी दुबई में बैठे एक हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहा था। इस हैंडलर की पहचान सुल्तानविंड निवासी अंतरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो पहले से ही नशीले पदार्थों की तस्करी के कई मामलों में वांछित है।
पुलिस के अनुसार, यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है और पंजाब में नशे की सप्लाई करने में संलिप्त रहा है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लाई चैन की जानकारी जुटाई जा रही है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है। बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।
इससे पहले पंजाब पुलिस ने 23 अप्रैल को सीमा पार से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 915 ग्राम 'आइसइ (मेथैम्फेटामाइन), पांच पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह में संलिप्त लोग पाकिस्तान में बैठे लोगों के संपर्क में थे और उन्हें अपने यहां से हथियार व नशीले पदार्थों की आपूर्ति किया करते थे। इसके बाद पुलिस ने इस गिरोह को चिह्नित कर इसमें संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई से पहले इस मामले को लेकर गेट हकीमा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अब आगे इस गिरोह को कैसे पूरी तरह से खत्म किया जाए। इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाए जाएंगे। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह को पूरी तरह से खत्म करने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की जा चुकी है, जिसके तहत मौजूदा समय में काम किया जा रहा है। इस गिरोह में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### पंजाब के संगरूर में डबल मर्डर, ससुर और साले को दामाद ने गोलियों से भूना, बेटी का झगड़ा सुलझाने आए थे

**संगरूर (आरएनएस)।** पंजाब के संगरूर जिले के शादीहरी गांव में अपने बेटी के घर घरेलू कलेश का मसला सुलझाने आए बाप-बेटे की उनके दामाद ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। हत्या की वारदात



को अंजाम देने के बाद दामाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कार्रवाई आरंभ कर दी। जानकारी अनुसार गांव शादीहरी में डबल मर्डर की घटना बुधवार देर रात सामने आई है, जिससे इलाके में गांव शादीहरी के अमरीक सिंह के बेटे गुरविंदर सिंह ने अपने ससुर लखबीर सिंह व साले जगसीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी है। गुरविंदर सिंह की शादी पटियाला जिले के बसी रसोली के लखबीर सिंह की बेटी वीरपाल कौर से हुई थी। दोनों के बीच काफी समय से कलेश रहता था।बीती रात उसके ससुर लखबीर सिंह और साला जगसीर सिंह झगड़ा सुलझाने के लिए उसके गांव शादीहरी पहुंचे। यहां बातचीत दौरान झगड़ा बढ़ गया, जिसके कारण गुरविंदर सिंह ने गुस्से में आकर अपने ससुर लखबीर सिंह व साले जगसीर सिंह पर गोलियां चला दीं। जिसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले की जांच दिड़बा थाने के तहत आने वाली चौकी कौहरियां के पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

# नारी सशक्तिकरण पर विशेष सत्रः आधी आबादी को अधिकार दिलाने का संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में नारी सशक्तिकरण के मुद्दे पर आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह सत्र आधी आबादी को समर्पित है और इसका उद्देश्य



महिलाओं के स्वावलम्बन तथा सशक्तिकरण में बाधक कारकों की पहचान कर उन्हें दूर करने का मार्ग प्रशस्त करना है।
उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य की विधानसभा इस दिशा में देश को नई दिशा देने की क्षमता रखती है और यह समय आत्ममंथन का है।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लोकसभा में 17 अप्रैल को महिला सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव का समर्थन न करके समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने नारी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने इसे देश की आधी आबादी के प्रति असंवेदनशीलता करार दिया और कहा कि इस आचरण से पूरा देश आहत हुआ है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से अब तक महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। इन प्रयासों का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ी है और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां मिली हैं।मुख्यमंत्री ने ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023ह्ल को महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि वर्तमान में संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश विधानसभा में 11-12 प्रतिशत के बीच है, जिसे बढ़ाकर कम से कम 33 प्रतिशत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि यह लक्ष्य हासिल किया जाता है, तो महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति 35 से 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, जिससे नीति निर्धारण और कानून निर्माण में उनकी भूमिका सशक्त होगी।
उन्होंने पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अतीत में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर चुनौतियां रही हैं, लेकिन आज प्रदेश में नारी सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2016 की तुलना में 2025 तक हत्या के मामलों में 43 प्रतिशत, दहेज मृत्यु में 19 प्रतिशत तथा दुष्कर्म से जुड़े मामलों में 67 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने इसे सरकार की सख्त कानून-व्यवस्था और संवेदनशील नीतियों का परिणाम बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में मात्र 13 प्रतिशत महिलाएं कार्यबल का

**● यदि यह लक्ष्य हासिल किया जाता है, तो महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति 35 से 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है, जिससे नीति निर्धारण और कानून निर्माण में उनकी भूमिका सशक्त होगी**

हिस्सा थीं, जो अब बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई हैं। यह बदलाव न केवल महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने का संकेत है, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति का भी आधार बना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के चलते उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में पहुंचा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में करोड़ों शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की गरिमा और स्वास्थ्य की रक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाखों परिवारों को आवास मिला, जिनमें बड़ी संख्या में आवास महिलाओं के नाम पर आवंटित किए गए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक सड़क हादसा : चलती कार बनी आग का गोला, 5 लोग जिंदा जले

**अलवर (आरएनएस)।** राजस्थान के अलवर जिले में स्थित लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर देर रात एक भीषण हादसा हो गया। मौजपुर के पास रात करीब 1 बजे दिल्ली से कोटा जा रही एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन कुछ ही मिनटों में आग का गोला बन गया।



इस हादसे में कार में सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतकों में मध्य प्रदेश के श्योपुर निवासी तीन महिलाएं, एक बच्ची और एक पुरुष शामिल हैं। हादसा एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर 115/300 के पास हुआ। कार चालक विनोद कुमार मेहर ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन वह करीब 80 प्रतिशत झुलस गया। राहगीरों की सूचना पर एनएचएआई पेट्रोलिंग टीम, एम्बुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस और एसएचओ नेकीराम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दमकल विभाग को सूचना दी।
दमकल की गाड़ियां पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह जल चुकी थी। बाद में पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। घायल चालक को पहले पिनान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे अलवर के सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी कैलाश जिंदल और एसपी सुधीर चौधरी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हमारा कर्तव्य, राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले बोले सीएम मान

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ 5 मई की मुलाकात से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।



राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उन्हें पंजाब का गद्दार बताया था। इसके साथ ही, भगवंत मान ने दलबदल से जुड़े विषय को लेकर राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा था। गुरुवार को सीएम मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर जानकारी दी कि राष्ट्रपति ने उन्हें 5 मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्सइ पर लिखा, पंजाब की जनता के जनादेश और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 5 मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है। हालांकि, हमने सभी विधायकों के लिए समय मांगा था, लेकिन मुझे अकेले ही मिलने का निमंत्रण मिला है। उन्होंने आगे लिखा, मैं अपने साथी विधायकों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचूंगा। मेरे साथी विधायक बाहर इंतजार करेंगे और मैं अंदर जाकर राष्ट्रपति के समक्ष सभी की ओर से पंजाब की आवाज और जनता का पक्ष मजबूती से रखूंगा।२

## अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 4 वर्षों के उच्चतम स्तर पर, रुपया भी डॉलर के मुकाबले कमजोर

**नई दिल्ली ।** अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने की संभावना के चलते गुरुवार को



कच्चे तेल की कीमत चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारतीय समयानुसार सुबह 10:22 पर बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम 6.33 प्रतिशत बढ़कर 125.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 3.35 प्रतिशत बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। इससे पहले कच्चे तेल में यह कीमतें 2022 की शुरूआत में रूस-यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के दौरान देखी गई थीं। कच्चे तेल में तेजी ऐसे समय पर देखी गई है, जब कुछ अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान में संभावित कार्रवाई के विकल्पों के बारे में जानकारी देगी। इससे दोनों देशों में फिर से संघर्ष शुरू होने की संभावना में इजाफा हुआ है। अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के ब्लॉक कर रखा है, जिससे ईरान का तेल निर्यात करीब रुक गया है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कहा गया कि जब तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता, तब तक यह नाकेबंदी नहीं हटेगी।

## एग्जिट पोल्स को सीएम ममता का ठेंगा, कहा- बंगाल में फिर मां,माटी व मनुष की सरकार

**कोलकाता (आरएनएस)।** बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तमाम एग्जिट पोल में भाजपा सरकार की बात कही जा रही है। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने आज विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल अनुमानों को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने मीडिया को पैसे देकर प्रचार-प्रसार में हेरफेर किया है। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने एक वीडियो संदेश प्रसारित कर उन्होंने अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की निर्णायक जीत पर दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और दावा किया कि पार्टी 294 सदस्यीय विधानसभा में 226 से अधिक सीटें जीतेगी। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने दावा किया कि, बंगाल में मां, माटी, मानुष की सरकार बनेगी।
तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने उनकी ये टिप्पणी कई एग्जिट पोल के बाद आई है जिनमें अनुमान लगाया गया था कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है और संभवतः 148 सीटों का बहुमत हासिल करके सरकार बना सकती है। इन अनुमानों को खारिज करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ये आंकड़े भाजपा कार्यालय से प्रसारित किए गए थे और वित्तीय प्रलोभनों के बाद इन्हें फैलाया गया था। उन्होंने दावा किया कि ऐसे अनुमानों का उद्देश्य जनता की राय को प्रभावित करना और वित्तीय बाजारों को आश्वस्त करना था। मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओ को



संबोधित करते हुए बनर्जी ने प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के दौरान उनके पार्टी कार्यकताओं को धमकियों और हिंसा का सामना करना पड़ा, और केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने कई क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं द्वारा झेली गई हिंसा और कठिनाइयों की घटनाओं का भी जिक्र किया और कहा कि मतदाताओं ने अपने मतों के माध्यम से इसका जवाब दिया है। बनर्जी ने पार्टी कार्यकताओं को 4 मई को होने वाली मतगणना प्रक्रिया के दौरान सतर्क रहने की चेतावनी दी और कहा कि मतगणना प्रक्रिया में धांधली की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों से मतगणना केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने और थोड़े समय के लिए भी अपनी जगह खाली न छोड़ने का आग्रह किया और अंतिम परिणाम घोषित होने तक कड़ी निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। शांति और संयम का आह्वान करते हुए, उन्होंने समर्थकों को कथित उकसावों के बावजूद जवाबी कार्रवाई न करने की सलाह दी और कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का उचित तरीके से निपटारा किया जाएगा। राज्य के लोगों को धन्यवाद देते हुए सीएम ममता ने कहा कि इतनी गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोगों ने लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं की भी सराहना की। ममता ने कहा कि जो लोग बंगाल को दबाने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें जनता ने अपने वोट के माध्यम से जवाब दे दिया है।

**खुलासा** | राजनाथ सिंह ने किया बड़ा खुलासा

# भारत लंबी जंग के लिए तैयार था, हमने अपनी शर्तों पर रोका था ऑपरेशन सिंदूर

**दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिस तीखे अंदाज में पाकिस्तान और आतंकवाद को ललकारा, वह स्पष्ट चेतावनी थी। उन्होंने साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारत ने अपनी शर्तों पर स्वेच्छा से रोका था। राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि अगर जरूरत पड़ती तो भारत लंबी जंग के लिए पूरी तरह तैयार था और आज भी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश के पास अचानक जरूरत पड़ने पर अपनी ताकत को कई गुना बढ़ाने की क्षमता है, जो पहले से कहीं अधिक मजबूत हो चुकी है। उन्होंने आतंकवाद को लेकर भारत की नई नीति को बेहद साफ शब्दों में रखते हुए कहा कि अब आतंकवाद



और उसे पालने पोसने वालों में कोई फर्क नहीं किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की शून्य सहनशीलता नीति ने भारत को नई दिशा दी है।
रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान पर सीधा प्रहार करते हुए उसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र बताया। उन्होंने तीखे व्यंग्य में कहा कि जहां भारत दुनिया में सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है, वहीं पाकिस्तान दूसरी तरह की आईटी यानी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का अड्डा बन चुका है। ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए उन्होंने इसे भारत की रणनीतिक सोच में एक बड़ा मोड़ बताया। राजनाथ सिंह ने आतंकवाद की जड़ों पर भी गहरा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद केवल एक घटना नहीं बल्कि तीन स्तरों पर काम करता हैझ्र संचालन, विचार और राजनीति। जब तक इन तीनों पर एक साथ चोट नहीं की जाएगी, तब तक इस समस्या का अंत संभव नहीं है। उन्होंने आतंकवाद को पोषण देने वाली विचारधारा और राजनीतिक संरक्षण को रावण की नाभि बताया, जिसे सुखाना बेहद जरूरी है। सबसे अहम बात यह रही कि राजनाथ सिंह ने परमाणु हमले की धमकी को लेकर भी पाकिस्तान की पोल खोल दी। उन्होंने साफ कहा कि भारत ने इन खोखली धमकियों को नजरअंदाज किया और वही किया जो राष्ट्रीय हित में जरूरी था। राजनाथ सिंह का संबोधन स्पष्ट संकेत है कि अब अगर कोई भारत को आंख दिखाने की कोशिश करेगा, तो जवाब कूटनीति से नहीं बल्कि ठोस कार्रवाई से दिया जाएगा।

## दर्दनाक सड़क हादसाः पिकअप और स्कॉर्पियो के बीच भीषण टक्कर, 16 मजदूरों की मौत-15 घायल

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। धार जिले के चिकलिया स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब 8:30 बजे मजदूरों से भरे एक पिकअप वाहन और स्कॉर्पियो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से 10 की हालत बेहद गंभीर है और उनका इलाज इंदौर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन में करीब 50 मजदूर सवार थे, जो क्षमता से कहीं अधिक थे। वाहन धार से अमझेरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराया और पलट गया। पलटने के बाद सामने से आ रही स्कॉर्पियो से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई मजदूर वाहन के नीचे दब गए।
हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बचाव कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रारंभिक सूचना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन आज सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। घायलों को बड़ी संख्या में जिला अस्पताल लाया गया, जहां अचानक बढ़े दबाव के कारण व्यवस्था प्रभावित हुई और कुछ घायलों का इलाज जमीन पर लिटाकर करना पड़ा।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# बुलंदशहर के धार्मिक स्थलों के कायाकल्प हेतु 3.15 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर/लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जनपद बुलंदशहर की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास एवं कायाकल्प के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कुल 315 लाख रुपये (3.15 करोड़ रुपये) की धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ मंडल के अंतर्गत आने वाले बुलंदशहर जिले में राज्य योजना के तहत 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास कर उन्हें पर्यटन के दृष्टिकोण से आकर्षक बनाना है। कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (UPSTDC) को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**इन स्थलों के लिए स्वीकृत धनराशिः**

स्याना विधानसभा (ऊंचागांव)ः प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर (काल भैरव मंदिर) - 52 लाख रुपये खुर्जा विधानसभाः भारतीय बौद्ध महासभा संस्थान - 88 लाख रुपये. डिबाई विधानसभाः मां आशावर देवी मंदिर - 46 लाख रुपये, शिकारपुर विधानसभा (बरामऊ)ः शिव मंदिर - 53 लाख रुपये, अनूपशहरः छोटी माता मंदिर -76 लाख रुपये, मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

इसका मुख्य उद्देश्य अल्प-ज्ञात धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर वहां आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की प्राचीन धार्मिक विरासत को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहें और उनसे प्रेरणा ले सकें।

# जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**बुलंदशहर ।** जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई बैठक में यह पाया गया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घट रही है, जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं तथा मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए समिति ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरकों का उपयोग संतुलित एवं आवश्यकता अनुसार ही करे किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। मृदा परीक्षण (Soil Testing) के आधार पर ही उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जाएगी। ग्राम स्तर पर जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे उर्वरक वितरण एवं उपयोग की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी सभी किसानों से अपील की है कि वे कम उर्वरक स्वस्थ धरती के संदेश को अपनाते हुए धरती माता की रक्षा में सहयोग करें अंत में समिति ने यह संकल्प लिया कि पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं उपजाऊ भूमि मिल सके। सभी किसान से अपील है एक हेक्टेयर में 7 बोरी यूरिया और 5 बोरी DAP ही ले।

# कलेक्ट्रेट में व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न,व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर के व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

व्यापारियों द्वारा नगरपालिका की 295 दुकानों के किराए के निस्तारण, स्कूलों की छुट्टी के समय लगने वाले जाम, विद्युत कटौती, 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन पर सुरक्षा जाल लगाने, दुकानों के सामने अस्थायी अतिक्रमण हटाने, देवीपुरा रोड स्थित मंदिरों के आसपास एवं श्मशान घाट रोड पर खुदी सड़कों को शीघ्र दुरुस्त कराने, बाजार एवं अन्य स्थानों पर खराब सरकारी नलों की मरम्मत, बाजारों में जाम की समस्या तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायतें रखीं।




जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार बैठक में व्यापारी नेता पंकज अग्रवाल में रखी सड़क की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** व्यापारिक प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने देवीपुर क्षेत्र की सड़क की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि देवीपुर में दो प्राचीन मंदिर, एक श्मशान घाट एवं मुख्य बाजार स्थित है। लगभग 6 महीने पूर्व सड़क निर्माण का शुभारंभ किया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल लगभग 100 मीटर सड़क बनाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।



साथ ही ठेकेदार द्वारा साइड की इंटरलॉकिंग भी उखाड़ ली गई है, जिससे आम जनता को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार इस समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, देवीपुरा एवं अंसारी रोड चौराहे के पास कूड़ा उठाने वाली नगर पालिका की गाड़ियां लंबे समय तक खड़ी रहने की समस्या भी उठाई गई। बताया गया कि इन गाड़ियों में एकत्रित कूड़े से प्लास्टिक सामग्री अलग कर बोरे में भरकर बेची जाती है, जिसके कारण गाड़ियां पूरे दिन खड़ी रहती हैं। इससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी एवं दुर्गंध फैलती है, जिससे स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर नरेंद्र चौधरी, सतवीर सिंह, विक्की खेतान, गुफरान गाजी, साजिद गाजी, अमित चौधरी, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अनस सहित अनेक व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जहांगीराबाद में रेता के भारी स्टॉक से दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला, प्रशासन मोके पर मौजूद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद।** नगर के रामागंज में भारी मात्रा में रेते का स्टॉक करना एक बड़ी लापरवाही साबित होते-होते रह गई। अधिक स्टॉक के दबाव के चलते लगभग 100 फीट लंबी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि दीवार के बराबर से गुजर रही गली में उस समय कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तत्काल क्षेत्र को घेरकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मलबा हटाने के लिए जेसीबी मशीन लगाकर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, नगर पालिका की टीम भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले रही है और स्टॉक को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कराने की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आगे के लिए प्रशासन भी सख्ती से पेश आएं। फिलहाल कोतवाली प्रभारी सुदेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते जेसीबी और टेक्टर कब्जे में लेकर यथास्थिति बनाये हुए है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की जा रही थी। इंस्पेक्टर सुदेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला कथित संपादक पत्नी सहित गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर ।** छतारी में अपराधियों और जालसाजों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में छतारी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर आम जनता से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले एक कथित संपादक और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हुई कार्रवाई एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, के आदेशानुसार एसपी देहात अंतरिक्ष जैन, के कुशल निर्देशन और सीओ मधुप कुमार सिंह, के पर्यवेक्षण में छतारी थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह, की टीम ने यह कार्रवाई की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्तों की तलाश में दबिश देते हुए जनपद हापुड़ के पिलखुआ से दोनों को धर दबोचा पत्रकारिता की आड़ में चल रहा था ठगी का धंधा गिरफ्तार अभियुक्त



बबलू सक्सेना खुद को खबरों की विशेषता नामक हिन्दी समाचार पत्र का संपादक बताता था पुलिस जांच में सामने आया कि वह पत्रकारिता की आड़ में पिछले कई वर्षों से भोले-भले लोगों को सरकारी व निजी विभागों में नौकरी लगवाने का लालच देकर उनसे मोटी रकम हड़पता था इस जालसाजी में उसकी पत्नी बरखा सक्सेना भी बराबर की भागीदार थी अपराधिक इतिहास और गिरफ्तारी पुलिस के अनुसार इन दोनों के खिलाफ जनपद हापुड़ के विभिन्न थानों में पहले से ही धोखाधड़ी और जालसाजी के कई मामले दर्ज है गिरफ्तार अभियुक्त बबलू सक्सेना पुत्र सुरेन्द्र सक्सेना निवासी जग्गा कॉलोनी, पिलखुआ, हापुड़ मूल निवासी एटा, बरखा सक्सेना पत्नी बबलू सक्सेना छतारी पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है पुलिस अब इनके अन्य नेटवर्क और शिकार हुए लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है गिरफ्तार करने वाली टीम छतारी थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार, एस आई कपिल कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार, महिला शगुन, ।

# आंधी बारिश से अंबेडकर द्वार धराशाही, यातायात हुआ बाधितः बड़ी दुर्घटना होने से टली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** वीरवार देर शाम आई आंधी और बारिश ने जहां गर्मी से राहत पहुंचाई वहीं पेड़ और होर्डिंग्स धराशायी हो गए।खुर्जा शिकारपुर मार्ग पर स्थित गांव आंचरू कलां में एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। तेज तूफानी हवाओं के चलते सड़क पर लोहे का लगा डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वार अचानक भरभरा कर मुख्य मार्ग पर गिर गया। अचानक यातायात ठप हो गया द्वार के सड़क पर गिरने से दोनों ओर का ट्रैफिक रुक गया। भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा होकर बोर्ड हटने का इंतजार करना पड़ा। ?गनीमत रही जिस वक्त यह बोर्ड गिरा, उस समय



नीचे से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे जनहानि टल गई। इस मार्ग पर भारी ट्रैफिक का दबाव रहता है। ग्रामीणों का

लापरवाही का आरोप स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बोर्ड की स्थिति काफी समय से जर्जर थी। हल्की बारिश या हवा में भी यह हिलने लगता था, लेकिन समय रहते प्रशासन या संबंधित विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

# गुलावठी में अचानक बदला मौसम का मिजाज, दिन में छाया अंधेरा,तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** गुरुवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट बदल ली और तेज धूप के बीच देखते ही देखते आसमान में घने बादल छा गए। कुछ ही देर में दिन के उजाले में अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को रात जैसा अहसास होने लगा।

तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। कई जगहों पर धूल भरी आंधी चली, जिसके बाद झमाझम बारिश हुई। अचानक आए इस बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दिन में छाए अंधेरे ने सभी को हैरान कर दिया।

बारिश और तेज हवाओं के कारण जनजीवन भी कुछ समय के लिए प्रभावित



हुआ। बाजारों में लोगों ने दुकानों और छज्जों के नीचे शरण ली, जबकि सड़कों पर वाहन चालकों को भी सावधानी बरतनी पड़ी।


मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली है। हालांकि, अचानक बदले इस मौसम ने लोगों को सतर्क रहने की भी जरूरत बताई है।

# गुलावठी में बंदरों का आतंकः 9 वर्षीय बच्ची पर हमला,लोगों में दहशत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन बंदरों द्वारा लोगों पर हमले किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

ताजा मामला आज का है, जब बंदरों के झुंड ने एक 9 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। हमले में बच्ची के गर्दन सहित शरीर के कई हिस्सों पर



गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों द्वारा उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंदरों का यह उत्पात पिछले काफी समय से जारी है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घरों से निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं हालत ये है कि महिलाएं कपड़े तक छतों पर सुखाने में डरती हैं कब बंदर अनपर हमला न करदे चौकसी बरतने के बावजूद भी महिलाएं ओर बच्चे बंदरो के हमले का शिकार बन जाती हैं। नगर पालिका प्रशासन से लोगों 4ने कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नगरवासियों ने नए आए जिलाधिकारी से मांग की है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद को तत्काल निर्देशित किया जाए, ताकि बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जा सके और लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

# एसपी ग्रामीण अंतरिक्ष जैन द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जनपद से 03 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए, जनपद में तैनात रहे इन पुलिसकर्मियों के सम्मान में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अंतरिक्ष जैन द्वारा अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त व ऐच्छिक सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पूरे सम्मान के साथ घड़ी, शॉल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके




अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की तथा पुलिस विभाग में उनके सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की भी सराहना की गई। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**मुठभेड़** | तिहरे हत्या की घटना में वांछित एवं मुख्य आरोपी तथा 50,000/- रुपए के इनामिया बदमाश के साथ हुई

# तिहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपी जीतू सैनी पुलिस मुठभेड़ में ढेर,डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** तिहरे हत्या की घटना में वांछित एवं मुख्य आरोपी तथा 50,000/- रुपए के इनामिया बदमाश के साथ हुई पुलिस मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 01 बदमाश घायलावस्था में उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया,कब्जे से अवैध असलहा (पिस्टल), कारतूस एवं स्कूटी बरामद थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत हुई तिहरे हत्या की घटना के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कई थानों की टीमें व स्वाट टीम लगाई गई थी जिनके द्वारा पूर्व में कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिसमें से 03 अभियुक्तों को दौराने मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया था तथा अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 30.04.2026 को प्रातः वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश एवं तलाश की जा रही थी तभी झांझर रोड पर एक संदिग्ध स्कूटी पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए स्कूटी को तेजी से मोड़कर कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगे। कुछ दूरी पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01





बदमाश गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा जिसकी कांम्बिग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। दौराने मुठभेड़ निरीक्षक मौहम्मद असलम व है0का0 मोहित कुमार घायल हुए हैं तथा निरीक्षक रामफल सिंह व है0का0 कपिल नैन के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी है। घायल बदमाश व पुलिसकर्मियों को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान चिकित्सकों द्वारा बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया। *मृत बदमाश की पहचान जीतू सैनी पुत्र सुभाष सैनी निवासी मौहल्ला पंजाबियान थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं, जो तिहरे हत्या की घटना का मुख्य आरोपी व 50,000/- रुपए का इनामिया बदमाश है। घटनास्थल से अवैध असलहा(पिस्टल), जिन्दा एवं खोखा कारतूस एवं स्कूटी बरामद हुई है तिहरे हत्या की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मु0अ0सं0- 371/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1), 61(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में जीतू उपरोक्त वांछित था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा 50,000/- रुपए का पुरस्कार भी घोषित किया गया था।

# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ द्वारा जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित ई.वी.एम. वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और रखरखाव का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।,निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा, साफ-सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का नियमित रूप से पालन किया जाए।



वेयरहाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रखी जाएं।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, इस्माइल खान कांग्रेस, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी, मनोज कुमार बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन से एडीएम एल/ए अवनीश सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे ।

# खानपुर की कुंदन भारत गैस एजेंसी में भारी गड़बड़ी, जांच में सैकड़ों सिलेंडर कम मिले, FIR की तैयारी

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कस्बा खानपुर, तहसील स्याना (जनपद बुलंदशहर) स्थित कुंदन भारत गैस एजेंसी (बी०पी०सी० गैस वितरक) की क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक, तहसील स्याना द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई।

जांच के दौरान गैस सिलेंडरों के स्टॉक में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। 19 किलोग्राम के कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों में 30 भरे हुए तथा 11 खाली सिलेंडर कम पाए गए। वहीं 14.2 किलोग्राम घरेलू गैस सिलेंडरों में 61 भरे हुए और 284 खाली सिलेंडर कम मिले। इसके अलावा 5 किलोग्राम क्षमता के कॉमर्शियल सिलेंडरों में भी भारी कमी सामने आई, जिसमें 147 भरे हुए और 26 खाली सिलेंडर कम पाए गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार यह स्पष्ट हुआ कि एजेंसी संचालक द्वारा



एलपीजी गैस की कालाबाजारी की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर श्रीमती मंजू देवी पत्नी राधेश्याम, मैनेजर सौरभ, ऑपरेटर अरुण कुमार एवं गोदाम कीपर लोकेश के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ग्रामीणों ने की, विधायक से कंपोजिट विद्यालय खुलवाने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी. वर्मा)।** क्षेत्र के सलेमपुर गुर्जर निवासी ग्रामीणों ने अपने क्षेत्रीय विधायक से कंपोजिट विद्यालय की मांग की है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सलेमपुर गुर्जर गांव के ग्रामीणों ने एक मांग पत्र विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह को एक ज्ञापन देकर गांव में कंपोजिट विद्यालय खुलवाने की मांग करते हुए विधायक को अवगत कराया है कि उन्होंने हाल ही में लाइव होकर क्षेत्र वासियों को जानकारी देते हुए बताया था कि, प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक एक कंपोजिट विद्यालय की सौगात प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जेवर विधानसभा क्षेत्र को दी है विधायक धीरेंद्र सिंह से सलेमपुर गुर्जर के भाजपा कार्यकर्ता पिंकू गुर्जर गजराज सिंह आर्य हेम सिंह बालू राम संतराम सुखबीर सिंह वीर सिंह डाली सिंह मुंदराज सिंह महराज सिंह शिवराज सिंह मुखराम तेजवीर सिंह टीकम सिंह लीला सोमेंद्र आदि ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन विधायक धीरेंद्र सिंह के प्रतिनिधि पंडित सुरेश चंद्र शर्मा को सौंपते हुए ग्रामीणों ने पत्र में विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए कंपोजिट विद्यालय अति शीघ्र बनवाए जाने की मांग करते हुए के की विद्यालय होने से न केवल सलेमपुर के बच्चों का बल्कि आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों के बच्चों जीवन स्तर सुधार कर उन्हें शिक्षित बना कर देश व समाज के अच्छे नागरिक बनने का अवसर मिलेगा। ताकि वे भी समाज व देश के नवनिर्माण में भूमिका निभा सकें।

# श्रमिक दिवस के अवसर पर जनपद में मेगा हेल्थ कैंप का होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर (एनजी वर्मा)।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार श्रमिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 01 मई, श्रमिक दिवस के अवसर पर जनपद गौतम बुद्ध नगर में एक भव्य मेगा हेल्थ कैंप का प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 तक आयोजन किया जा रहा है।

प्रारंभ में जहां सभी सरकारी अस्पतालों के साथ 31 निजी अस्पतालों द्वारा इस अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जानी थी, वहीं अब यह पहल और भी व्यापक हो गई है। निजी क्षेत्र के अस्पतालों ने स्वेच्छा से आगे

**134 सरकारी अस्पतालों एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर तथा 67 निजी अस्पतालों सहित कुल 201 स्थानों पर मेगा हेल्थ कैंप में निःशुल्क उपचार करायेंगे उपलब्ध**

आकर इस जनकल्याणकारी अभियान को मजबूती प्रदान की है, जिसके परिणामस्वरूप अब यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मैक्स हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल, फेलिक्स हॉस्पिटल तथा शारदा हॉस्पिटल सहित कुल 67 निजी अस्पताल इस मेगा हेल्थ कैंप का हिस्सा बन चुके हैं। यह बढ़ती भागीदारी निजी अस्पतालों की सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनका यह सहयोग न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज के प्रति उनके समर्पण को भी दशार्ता है।

अब इस मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से134 सरकारी अस्पतालों एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर के साथ-साथ 67 निजी अस्पतालों सहित कुल 201 स्थानों पर श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिससे अधिक से अधिक श्रमिक इस पहल का लाभ उठा सकेंगे। देखें सरकारी अस्पतालों एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर तथा निजी अस्पतालों की सूची।

# दिव्यांगजनों के बनेंगे आवास, व्हाट्सएप पर भेजें एप्लीकेशन:अंशुल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए श्री अंशुल चौहान,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी जनपद गाजियाबाद ने अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले दिव्यांगजनों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों के लिए आवास निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ?1,20,000 (एक लाख बीस हजार रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह धनराशि लाभार्थी को तीन चरणों,किस्तों में उपलब्ध कराई जाती है ताकि आवास निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त आवास निर्माण में सहयोग हेतु मनरेगा के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता है। अंशुल चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को आवास प्रदान करने के लिए निम्नलिखित पात्रता आवश्यक है आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का निवासी दिव्यांगजन होना चाहिए। आवेदक के पास न्यूनतम 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। आवेदक आवासहीन हो या कच्चे/जर्जर मकान में निवास करता हो। आवेदक के वर्तमान घर की दीवारें मिट्टी, फूस, टीन, टपरी अथवा अन्य कच्ची सामग्री से बनी हों और पक्का मकान न हो। आवेदक के पास स्वयं के नाम आवास निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध होनी चाहिए। आवास निर्माण के लिए आवेदक के नाम लगभग 25 से 30 वर्ग मीटर (लगभग 270 से 320 वर्ग फुट) भूमि उपलब्ध होना आवश्यक है। आवेदक या उसके



परिवार के किसी सदस्य के नाम पहले से पक्का आवास नहीं होना चाहिए। आवेदक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/बीपीएल श्रेणी से संबंधित होना चाहिए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि यदि कोई दिव्यांगजन उपरोक्त पात्रता के आधार पर इस योजना के लिए पात्र है, तो वह सादे पेपर पर एक एप्लीकेशन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जनपद गाजियाबाद ( अंशुल चौहान) के कार्यालय विकास भवन गाजियाबाद जाकर कमरा नंबर 131 में जमा करा सकता है अथवा दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के व्हाट्सएप व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 8791491011 पर भेज भी सकता है।व्हाट्सएप पर भेजी गई एप्लिकेशन भी स्वीकार्य होगी। इच्छुक दिव्यांगजन एप्लिकेशन में निम्नलिखित जानकारी अवश्य लिखें,आवेदक का नाम दिव्यांगता का विवरण परिवार के सदस्यों का विवरण,पूरा पता,मोबाइल नंबर एप्लीकेशन प्राप्त होने के बाद दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संबंधित दिव्यांगजन से संपर्क किया जाएगा और आगे की प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे इच्छुक दिव्यांगजन निम्न दस्तावेज तैयार करके रखें आधार कार्ड दिव्यांग प्रमाण पत्र यू0डी0आई0डी0कार्ड, आय प्रमाण पत्र,,निवास प्रमाण पत्र,,आधार लिंक बैंक खाते की प्रति पासपोर्ट साइज फोटो जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने जनपद के पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आगे आएं तथा अपनी एप्लीकेशन व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जनसमस्यायें, लाभार्थियों ने किया आभार प्रकट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना,शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूपत त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशानुसार जनता दर्शन/ जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए।

इस मौके पर एडवोकेट अशोक चौधरी ने अवगत कराया कि वे पतला मुरादनगर के निवासी है, उनकी विद्युत विभाग से सम्बंधित शिकायत थी, जिसका कई बार विद्युत



विभाग से शिकायत करने के उपरान्त भी निस्तारण नहीं हो पा रहा था, जिससे वे अपने खेतों में काम नहीं कर पा रहे थे। उन्होने इस प्रकरण से जिलाधिकारी शे रविन्द्र कुमार मॉदड़ से मिलें, उन्होने समस्या को सुना और विद्युत विभाग के अधिकारियों के निर्देशित किया कि समस्या का त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण किया जाएं, जिसके बाद 02 दिनों में ही समस्या का निस्तारण हो गया। हम डीएम साहब का दिल से धन्यवाद करते हैं और जनता से अपील करते हैं कि अपनी समस्याओं,शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु जिलाधिकारी से सम्पर्क करें, आपकी समस्या का जरूर निराकरण होगा।

जनता के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश सिंह, एडीएम प्रशासन ज्योति मौर्या भी उपस्थित रहे।

## उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग तथा अन्य उर्वरक उत्पादों की टैगिग ना होने पाए: सीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में धरती माता बचाओ अभियान एवं उर्वरक निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आकस्मिक निरीक्षण एवं उर्वरक स्टॉक सत्यापन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा निरीक्षण के समय अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। वर्तमान में कृषकों के पास फार्मर आई०डी० होनी आवश्यक है



बैठक में सर्वप्रथम जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि अनुदानित उर्वरकों की बिक्री शत प्रतिशत पोस मशीन के माध्यम से ही की जाए। उर्वरकों की बिक्री किसान की जोत के अनुसार फसलों में उर्वरकों की संस्तुत मात्रा के अनुसार की जाए। किसी भी उर्वरक विक्रेता के द्वारा उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग तथा अन्य उर्वरक उत्पादों की टैगिंग न की जाए। जनपद में क्रियाशील सहकारी समितियों तथा निजि उर्वरक बिक्री केन्द्रों का समय-समय पर जिस हेतु समस्त उर्वरक विक्रेताओं को उनके मोबाईल में एग्री स्टैक मोबाईल एप्प डाऊनलोड कराकर फार्म आई.डी. पॅजीकरण कराने विषयक प्रशिक्षण भी दिया गया तथा निर्देशित किया गया, कि प्रत्येक दिवस उर्वरक बिक्री के समय ऐसे कृषक जिनकी फार्मर आई०डी० नहीं बनी है। उनकी फार्मर आई०डी० का पंजीकरण कराने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, प्रतिनिधि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जनपद में क्रियाशील सहकारी गन्ना समितियों के सचिव एवं निजि उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# थाना सिहानी गेट का पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण,व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा नगर जोन के थाना सिहानी गेट का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की समग्र व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, शस्त्रागार की स्थिति, अपराध नियंत्रण से संबंधित रजिस्टरों तथा आमजन की शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया।




निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने नवनियुक्त प्रशिक्षु आरक्षियों से संवाद भी किया। उन्होंने आरक्षियों को बेहतर संवाद कौशल विकसित करने, कानून की गहन जानकारी रखने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य और विवेक के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके।

# गाजियाबाद ,लोनी,डासना में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि, मौसम हुआ सुहावना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** जनपद के कई इलाकों में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने देखते ही देखते आंधी का रूप ले लिया। इस दौरान कई स्थानों पर मोटे-मोटे ओले भी गिरे, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। इसके कुछ ही देर बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। ओलावृष्टि के कारण सड़कों पर सफेद परत जैसी स्थिति बन गई और कई जगहों पर पानी भर गया। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। हालांकि गाजियाबाद डासना, लोनी सहित कई इलाकों में तेज हवाओं और ओलों





के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटने और फसलों को नुकसान पहुंचने की भी खबरें सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते इस तरह का बदलाव देखने को मिला है और अगले कुछ समय तक मौसम इसी तरह बदलता रह सकता है।स्थानीय प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने की अपील की है।

**शुभारम्भ** — योग जीवन को संतुलित,स्वस्थ, रोगमुक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम: ब्रह्म ऋषि आचार्य नीरज

# दो दिवसीय निःशुल्क ध्यान योग एवं आरोग्य शिविर का हुआ भव्य शुभारम्भ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** वीरवार 30-4-2026 को स्व. राजकुमार त्यागी की 5 वीं पुण्य स्मृति में दो दिवसीय ध्यान योग एवं आरोग्य शिविर का भव्य शुभारम्भ उनके सुपुत्र एवं पुत्रवधु आशीष त्यागी एवं तरु त्यागी द्वारा एसोमैक मशीन्स लिमिटेड

**योग एवं ध्यान से रह सकते हैं स्वस्थ और तनाव मुक्तः देवेंद्र हितकारी**

546, बिसरख रोड,छपरौला,गौतम बुध नगर के प्रांगण में किया गया। उनके द्वारा अतिथिओं का स्वागत भी किया गया। योग नगरी ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मऋषि नीरज आचार्य ने ओ३म् की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र से ध्यान योग शिविर के सत्र को प्रारंभ किया उन्होंने हाथों पैरों,गर्दन के सूक्ष्म व्यायाम कराए और उनके लाभों की चर्चा की ओर कहा कि जैसे हम दिनचर्या के प्रति सजग रहते हैं वैसे ही हमें ऋतुचर्या के प्रति सजग रहते हुए किस ऋतु में कौन से फल खाने हैं? कौन से योगाभ्यास करने हैं? का ज्ञान रखना चाहिए।

उन्होंने कपाल शोधन, भ्रामरी, शीतली,शीतकारी और पलावली के साथ ही अनुलोम विलोम के अभ्यास कराये और इसके लाभों की चर्चा करते हुए कहा कि योग जीवन को संतुलित, स्वस्थ और रोगमुक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है ।

उन्होंने ध्यान योग और योग निद्रा के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में योग ही मानसिक शांति का मार्ग है। मंच का कुशल संचालन योग मर्मज्ञ देवेंद्र हितकारी ने किया उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ और तनाव भरे जीवन में मनुष्य विभिन्न दुखों से




परेशान हैं, लेकिन योग एवं ध्यान से यह स्थिति बदली जा सकती है। योग एवं ध्यान से व्यक्ति स्वस्थ और तनाव मुक्त रह सकता है।स्व. राजकुमार त्यागी अखिल भारतीय योग संस्थान के संस्थापक रहे उन्होंने योग के माध्यम से जन स्वास्थ्य को ध्यान में अखिल भारतीय योग संस्थान के माध्यम से महानगर में करीब 100 से अधिक स्थानों पर निःशुल्क ध्यानयोग की कक्षाएं संचालित की।

अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान गाजियाबाद एवं दिल्ली के पदाधिकारीयों ने योग स्मारिका भेंटकर आचार्य नीरज जी को सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद राजेन्द्र त्यागी,कृष्ण कुमार अरोड़ा आदि ने स्व. राज कुमार त्यागी को अपने विचारों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

एसोमैक मशीन लिमिटेड के डायरेक्टर निर्मल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया ओर कहा कि कार्यक्रम का समापन कल प्रातः योगाभ्यास के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

योगी प्रवीण आर्य ने बताया कि आज छापरौला में जनसैलाब उमड़ा सेकड़ों लोगों ने शिविर में भाग लिया।

वरिष्ठ योग शिक्षिका वीना वोहरा,प्रमिला सिंह आदि ने शांति पाठ एवं योगिक प्रसाद वितरण के साथ सत्र को संपन्न किया।

# भाजपा संगठन बूथ प्रबंधन के सहारे बनाएगा महासमर योद्धा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के आह्वान पर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राजनगर मंडल एवं कविनगर मंडल में बूथ प्रबंधन की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकें राजनगर स्थित विधायक कार्यालय, आरडीसी एवं शास्त्री नगर स्थित मंडल अध्यक्ष आवास पर संपन्न हुईं। बैठकों को संबोधित करते हुए मुरादनगर विधानसभा संयोजक (बूथ प्रबंधन) एवं नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि मजबूत बूथ ही संगठन की जीत की आधारशिला है और इसी बूथ सशक्तिकरण के माध्यम से भाजपा महासमर के लिए योद्धाओं की मजबूत फौज तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओ में निहित है और प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ को सशक्त, सक्रिय एवं




संगठित बनाने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करे। उन्होंने संगठन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशो की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मुरादनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले पांचों मंडलों राजनगर, कविनगर,गोविंदपुरम, मुरादनगर शहर एवं देहात–में बूथ समितियों का गठन, मतदाता सूची का सूक्ष्म प्रबंधन एवं बूथ स्तर पर सतत संपर्क अभियान को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा। अमित रंजन, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, पार्षद कुलदीप त्यागी, अभिजीत मुखर्जी, मनोज गिरी,अशोक राव, नामित पार्षद सरदार पम्मी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, कुंवर पाल चौधरी, सुनील खोखर, मौल्जूद रहे।

# आरपीएफ से रिटयर्ड कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** बृहस्पतिवार थाना गभाना क्षेत्र में सुबह एक सड़क हादसे में रेलवे सुरक्षा बल के एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव चादनेर निवासी 63 वर्षीय भूदेव सिंह पुत्र गोपी सिंह बृहस्पतिवार सुबह करीब 6:00 बजे वह अपनी नियमित मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। गभाना नेशनल हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भूदेव सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। गभाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अलीगढ़ में NEET 2026: 20 केंद्रों पर 9819 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, प्रशासन अलर्ट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। 3 मई को होने वाली इस परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए हैं, इनपर 9819 परीक्षार्थी उपस्थित होंगे। एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव ने अधीनस्थों को चेतावनी दी है कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नीट की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा जांच के लिए केंद्रों के गेट सुबह 11:00 बजे खोल दिए जाएंगे। एडीएम सिटी ले बताया कि दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी कीमत पर केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पुलिस के साथ ही तकनीक का भी इस्तेमाल किया है। हर परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए होने वाली नकल रोकने के लिए केंद्रों पर हाई-टेक जैमर एक्टिव रहेंगे।

सभी 20 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे, जो परीक्षा शुरू होने से लेकर पेपर सील होने तक मौके पर मौजूद रहेंगे। केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कोचिंग संचालकों और संदिग्ध तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।




परीक्षार्थियों लिए प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। परीक्षार्थियों को बिना प्रवेश पत्र के लिए एंट्री नहीं दी जाएगी। वहीं, एडमिट कार्ड के साथ दो पासपोट साइज फोटो और एक पोस्टकार्ड साइज का फोटो भी लाना अनिवार्य होगा।

एडीएम सिटी ने बताया कि सभी केंद्रों पर निर्बाध बिजली और ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम से निपटने के भी इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस और मेडिकल टीमें अलर्ट मोड पर रहंगी। डीएवी इंटर कॉलेज, नौरंगाबाद,श्री महेश्वर इंटर कॉलेज सासनीगेट, रघुवीर सहाय इंटर कॉलेज खिरनीगेट, गोपीराम पालीवाल इंटर कॉलेज, चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज, हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज अचलताल, धर्म समाज इंटर कॉलेज और महाविद्यालय (ब्लॉक श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय (ब्लॉक, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय देवसैनी, जनता इंटर कॉलेज छेरत और टीकाराम कन्या महाविद्यालय/इंटर कॉलेज में पर होगी।

# बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर डॉ.अवनीश राही का म्यूजिक एल्बम जहां पे बुद्ध जनमें हैं रिलीज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**अलीगढ़।** बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर अलीगढ़ के जाने-माने गीतकार डॉ. अवनीश राही का म्यूजिक एल्बम जहां पे बुद्ध जनमें हैं मुम्बई की प्रतिष्ठित कंपनी साई रिकॉर्ड्स एन इंटरटेनमेंट द्वारा जारी किया गया।

मुम्बई के रिदिम स्टुडियो में तैयार इस एल्बम को स्वर दामोदर राव ने दिया है, जबकि संगीत संयोजन सोनू राव द्वारा किया गया है। एल्बम के गीत डॉ. अवनीश राही द्वारा लिखे गए हैं, जिनमें तथागत बुद्ध के जीवन-दर्शन, करुणा, शांति और मानवता के सार्वभौमिक संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह एल्बम केवल एक सांगीतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि मानवता, अहिंसा और समता के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास है। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर इसका रिलीज होना इसे और भी विशेष बनाता है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. राही का साहित्यिक एवं सांगीतिक सफर पूर्व में भी अनेक उपलब्धियों से जुड़ा रहा है। उनकी रचनाएँ और प्रस्तुतियाँ समाज में जागरूकता तथा सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण माध्यम रही हैं। संगीत प्रेमियों और बुद्ध विचारधारा से जुड़े लोगों में इस एल्बम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि यह प्रस्तुति व्यापक स्तर पर सराही जाएगी।

# खादी बोर्ड की पहल से स्वरोजगार को मिल रहा बल, लाभार्थियों को निःशुल्क टूल किट्स हुए वितरित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी नीति के तहत चयनित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गुरुवार को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में निःशुल्क टूल किट्स वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक खैर के प्रतिनिधि श्रीमती रजनी दिलेर ने की। उनके करकमलों द्वारा लाभार्थियों को दोना मेकिंग मशीन एवं पॉपकॉर्न मशीनों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान दोना मेकिंग मशीन प्राप्त करने वालों में अंकित कुमार, अनिल गौतम, संतोष कुमार, सद्दाम खान, नीरज कुमार, नरेश कुमार शर्मा, सौरभ सिंह, श्रीमती निशा, श्रीमती साधना देवी एवं आकाश कुमार शामिल रहे। वहीं पॉपकॉर्न मशीन के लाभार्थियों में सचिन कुमार, भूपेन्द्र कुमार, कु. रेनू, मुनेन्द्र कुमार, आजाद, कु. अंशू, मछला देवी, छोटेलाल, हेमपाल एवं रोहदेश को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्रीमती रजनी दिलेर ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने लाभार्थियों को प्रेरित किया कि वे प्राप्त मशीनों का सदुपयोग कर अपनी आय में वृद्धि करें और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाएं।



जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही हैं। उन्होंने लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिकाधिक लोग इनका लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू अजय बर्धन आचार्य ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधान सहायक संतोष कुमार शर्मा एवं प्राविधिक सहायक राकेश सिंह यादव सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने उनके भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** नर्सिंग छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर उनके भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए भारतीय नर्सिंग परिषद की मान्यता न मिलने को लेकर डीएम से गुहार लगाई है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि अलीगढ़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में उनका भविष्य अधर में लटका है।

कासिमपुर पावर हाउस स्थित अलीगढ़ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी पाठ्यक्रम के छात्रों ने 30 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन पर प्छब मान्यता और आवश्यक रिकॉर्ड उपलब्ध न कराने की शिकायत की है। छात्राओं रश्मि, अमृता, लक्ष्मी, गीता, राजकुमारी, डॉली, सरोज, दीक्षा, निशा, मुस्कान, मोनिका और अंजलि सहित अन्य विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 बैच की प्छब मान्यता के संबंध में जब भी कॉलेज प्रबंधन से जानकारी मांगी जाती है, तो उन्हें टालमटोल कर दिया जाता है। छात्रों ने नर्सिंग कोर्स पर लाखों रुपये खर्च किए हैं, लेकिन कॉलेज की ओर से अब तक कोई स्पष्ट दस्तावेज या रिकॉर्ड नहीं दिया गया है। पीड़ित छात्र-छात्राओं का कहना है कि यदि उन्हें भारतीय नर्सिंग परिषद की मान्यता का लाभ नहीं मिला, तो उनकी कई वर्षों की मेहनत और करियर दोनों संकट में पड़ जाएंगे। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर उन्हें गुमराह करने और भविष्य के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मामले की जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

छात्रों ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराते हुए उन्हें मान्यता का लाभ दिलाने की अपील की, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत पर कॉलेज को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जाएगा और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाई कोर्ट ने दोदपुर शौकत मंजिल जर्जर भवन स्वामी को मरम्मत के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में भवन स्वामी एवं किरायेदारों की व्यक्तिगत सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम के सिविल इंजीनियर एवं संपत्ति विभाग द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर भवन स्वामी को पूर्ण निर्माण सुरक्षा के साथ भवन का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए।

प्रकरण में नगर निगम द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि भवन अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है। भवन की दीवारों, छत एवं छज्जों का प्लास्टर कई स्थानों से टूटकर गिर रहा है। नगर आयुक्त ने सुनवाई के दौरान भवन स्वामियों को निर्देशित किया कि भवन के क्षतिग्रस्त भागों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार असुरक्षित हिस्सों को सुरक्षित ढंग से हटाया जाए जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।


भवन स्वामी सनाऊर्रहमान शेरवानी पुत्र स्व०इनायतुर्रहमान शेरवानी, भवन नसीमुर्रहमान शेरवानी पुत्र स्व० इनायतुर्रहमान शेरवानी,भवन स्वामी भवन के भूतल में निवासरत सलीमुर्रहमान शेरवानी पुत्र स्व० इनायतुर्रहमान शेरवानी, भवन स्वामी भवन के भूतल में निवासरत अमातुला व सुश्री सलमा पुत्री जहीर अहमद,भवन स्वामी भवन के भूतल में निवास करने वाली असमा पत्नी मो० नईम संबंधी प्रकरण था।

## संक्षिप्त समाचार

### अलीगढ़ में बूॅदा-बॉदी से मौसम हुआ सुहाना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद गुरूवार को सुबह से छाये बादलों ने राहत दी। वहीं अपरान्ह बाद हुई, बूॅदा-बॉदी से मौसम सुहाना हो गया। अलीगढ़ में पिछले कई दिनों से 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहे पारे पर बादलों ने ब्रेक लगा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और स्थानीय स्तर पर बादल छाने से अधिकतम तापमान में करीब 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरूवार को अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। बीती रात न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में 13 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे लोगों को उमस से राहत मिली है। हवा में नमी का स्तर लगभग 38 प्रतिशत बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही हलचल और मैदानी इलाकों में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण धूल भरी हवाएं और बादल छाए हुए हैं। हालांकि तेज बारिश की संभावना कम है, लेकिन बूंदाबांदी या गरज के साथ हल्की बारिश के आसार बने हुए हैं।



### जेएनएमसी परिसर में सक्रिय दलालों पर सख्ती, ओपीडी तक फैले नेटवर्क पर होगी कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जे.एन. मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में मरीजों को निशाना बनाने वाले अनधिकृत एजेंटों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया जाएगा। हाल ही में सामने आई खबरों के अनुसार ये दलाल अब इमरजेंसी के साथ-साथ बाह्य रोगी विभाग तक अपनी गतिविधियां फैलाने लगे हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय एवं अस्पताल प्रशासन ने जिला प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में दलालों की सक्रियता पर रोक लगाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की गई और आवश्यक कदमों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परिसर में किसी भी प्रकार की दलाली या अनधिकृत गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे कृत्य मरीजों के हितों के खिलाफ हैं और किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।चिकित्सा अधीक्षक प्रो. नैय्यर ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना चिकित्सालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ, जयघोष से गूंजा अतरौली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** नगर में धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब मां सुंदरीया चामुंडा मंदिर, पाली रोड पर भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भक्तिमय वातावरण में निकली इस शोभायात्रा ने नगरवासियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे, वहीं जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कथा स्थल को भव्य और आकर्षक रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और सुव्यवस्थित पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। आयोजकों द्वारा बैठने, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने बताया कि यह श्रीराम कथा 6 मई 2026 तक चलेगी, जिसमें कथा व्यास श्री चित्तल कौशल जी महाराज अपने मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कराएंगे।

# शौच से रोकने पर किसान को खेत में पीटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** विजयगढ़ थाना क्षेत्र के नगला वरी गांव में अपनी फसल बचाने की कोशिश एक किसान पर भारी पड़ गई। खेत में शौच करने से रोकने पर दबंगों ने किसान को जमकर पीट दिया।
मारपीट में किसान घायल हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगला वरी गांव निवासी किसान विजेंद्र सिंह के खेत में कुछ लोग शौच करने जा रहे थे। खेत में खड़ी फसल को नुकसान होने की आशंका थी। किसान की पत्नी ने दबंगों को खेत में शौच करने से मना किया। उन्होंने फसल खराब होने का हवाला देते हुए दूसरे स्थान पर जाने को कहा। पत्नी के विरोध से नाराज दबंगों ने किसान विजेंद्र सिंह से कहासुनी शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया।

मारपीट में विजेंद्र सिंह घायल हो गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पीड़ित किसान ने आरोपियों के खिलाफ विजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भाकियू अधिकार अध्यक्ष अवधेश यादव को पुलिस ने रोका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन अधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव को गुरुवार को दादों पुलिस ने हाथरस जाते समय रोक दिया। वे अपने कार्यकताओं के साथ पंकज धवारिया के समर्थन में हाथरस जा रहे थे। रोके जाने पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक हाथरस के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

गुरूवार को जिरौली स्थित उनके कार्यालय से हाथरस की ओर प्रस्थान करते समय हुई।
थाना दादों के प्रभारी रणजीत सिंह को यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पंकज धवारिया के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। अवधेश यादव ने कहा कि सामाजिक हित में संघर्ष करने वाले व्यक्ति पर हिस्ट्रीशीट खोलना सामाजिक नेतृत्व को दबाने का प्रयास है।



उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल को पंकज धवारिया दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में मौजूद थे, इसके बावजूद उनके माता-पिता पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया। अवधेश यादव ने शिकायतकर्ता की भूमिका पर भी सवाल उठाए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष शैलेश यादव, सुरेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, दूरबीन सिंह, अजय पाल और रोहित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मांग** — कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें यह भी स्पष्ट नहीं होता कि कब उनका बैलेंस खत्म हो जाएगा और बिजली कट जाएगी, जिससे लगातार असमंजस की स्थिति बनी रहती है

# अतरौली में स्मार्ट मीटर के खिलाफ फूटा जनआक्रोश, पुराने मीटर बहाल करने की मांग तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली।** नगर एवं विधानसभा क्षेत्र 73 अतरौली में लगाए जा रहे स्मार्ट विद्युत मीटरों को लेकर जनाक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बिना पूर्व सूचना और उपभोक्ताओं की सहमति के लगाए गए इन मीटरों के खिलाफ अब जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने मोर्चा खोल दिया है। मामले को लेकर प्रशासन को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें स्मार्ट मीटर से उत्पन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई है।
ज्ञापन में कहा गया है कि विद्युत विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद अतरौली एवं आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, लेकिन इसके लिए न तो उपभोक्ताओं को पहले से सूचित किया गया और न ही उनकी सहमति ली गई। आरोप है कि इन मीटरों के लगने के बाद से लोगों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली बिलों में अचानक अत्यधिक वृद्धि देखने को मिल रही है, वहीं विद्युत आपूर्ति भी अनियमित हो गई है। सबसे बड़ी समस्या यह सामने आ रही है कि स्मार्ट मीटर में बैलेंस समाप्त होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के





बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। इससे आम लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें यह भी स्पष्ट नहीं होता कि कब उनका बैलेंस खत्म हो जाएगा और बिजली कट जाएगी, जिससे लगातार असमंजस की स्थिति बनी रहती है। जनप्रतिनिधियों ने मांग उठाई है कि जिन उपभोक्ताओं के घरों में उनकी इच्छा के विरुद्ध स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उन्हें तत्काल हटाकर पुराने विद्युत मीटर दोबारा स्थापित किए जाएं। साथ ही, जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक स्मार्ट मीटर की वर्तमान व्यवस्था को स्थगित रखा जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर जाकर मीटर की रीडिंग दिखाएं और उसी के आधार पर बिल जारी करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं का विश्वास कायम हो सके। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं का बैलेंस शून्य होने के बावजूद कम से कम 40 से 45 दिनों तक बिजली कनेक्शन न काटने की व्यवस्था लागू की जाए। भीषण गर्मी के चलते नागरिकों ने यह भी अपील की है कि नगर क्षेत्र में अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए और सुचारु रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होगी। स्मार्ट मीटर को लेकर बढ़ते विरोध ने प्रशासन और विद्युत विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अब देखना यह होगा कि अधिकारियों द्वारा इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाए जाते हैं और जनता को कब तक राहत मिल पाती है।

# लघु उद्योग भारती ने सीडीओ हापुड़ श्रुति शर्मा को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**2021 की यूपीएससी इंडिया टापर श्रुति शर्मा ने हमारे जिले की विकास की कमान संभाली ये हमारे लिए गौरव की बात : आशु सिंघल**

**धौलाना।** गुरुवार को लघूधोग भारती के धौलाना यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र अध्यक्ष आशु सिंघल के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यमी वी पी मिश्रा, मनीष गुप्ता उपाध्यक्ष , डम्बर सिंह महामंत्री सहित उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल सीडीओ कार्यालय पहुंचा और नवागत हापुड़ सीडीओ श्रुति शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । आशु सिंघल ने बताया कि आईएएस श्रुति शर्मा ने यूपीएससी परीक्षा 2021 में ऑल इंडिया टॉप किया था। पढ़ने में बचपन से मेधावी रही श्रुति ने अपनी उच्च शिक्षा दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफेंस कॉलेज और जवाहर लाल नेहरू यूनिविर्सटी से पूरी की है। वह मूलरूप से जनपद बिजनौर की रहने वाली हैं। और उनके सौम्य व्यवहार से सभी उद्यमी कायल दिखाई दिए । श्रुति शर्मा ने उद्यमियों से कहा की उन्हें जब भी कोई काम हो तो वे तुरंत उन्हें अवगत कराए । जो भी संभव होगा उद्यमी हितों के लिए सहयोग किया जाएगा ।



# शासन की योजनाओं को गति देना प्राथमिकता: मुकेश चन्द्रा

## कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं का होगा समाधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्रा आईएएस ने कहा कि केन्द्र की मोदी व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

**प्रतिदिन सुबह 10 से 12 तक जन सुनवाई करुंगा: वीसी**

उनके कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता से निस्तारण कराया जायेगा।

एचपीडीए के नव नियुक्त उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्रा ने बताया कि वह 2004 के पीसीएस व 2018 बैच आईएएस अधिकारी है। उनकी प्रथम तैनाती फिरोजाबाद के बाद,जनपद बरेली में एसडीएम,मुरादाबाद के उपरांत अन्य जनपदों में एसडीएम व मेरठ में सिटी मजिस्ट्रेट सिटी पद पर भी तैनात रहे। बहराइच में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्य करने के उपरांत शासन ने उनका तबादला हापुड़ में एचपीडीए उपाध्यक्ष पद पर कर दिया। उन्होंने बताया कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की आनंद विहार आवासीय योजना,प्रीत विहार प्रथम,द्वितीय आवासीय योजना व हरिपुर आवासीय योजना के अलावा गढ़मुक्तेश्वर में गंगाधाम आवासीय योजनाओं को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। एचपीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि वह प्रतिदिन सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर अंतिम व्यक्ति तक की जनसुनवाई करेंगे। उनका प्रयास रहेगा के उनके कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान हो।






# रजिस्ट्री कार्यालय की जमीन पर गन्ना सोसायटी का 'सर्जिकल स्ट्राइक', रात के अंधेरे में कब्जे की कोशिश अधिवक्ताओं ने की नाकाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** रजिस्ट्री कार्यालय की पिलखुवा मार्ग पर सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने के लिए गन्ना सोसायटी ने बुधवार की रात का खेल चुना, लेकिन धौलाना के अधिवक्ताओं की सक्रियता ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया। बुधवार देर रात निर्माणाधीन चहारदीवारी के अंदर अचानक जेसीबी चलने और निर्माण सामग्री डाले जाने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदियाऔर अन्य बार पदाधिकारियों ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया।आमतौर पर सरकारी जमीनों पर दिन में काम होता है, लेकिन गन्ना सोसायटी ने रजिस्ट्री कार्यालय की निश्चित जमीन को निशाना बनाने के लिए देर रात का समय चुना। आरोप है कि सोची-समझी रणनीति के तहत रात के अंधेरे में जमीन को घेरने और अवैध निर्माण शुरू करने का प्रयास किया गया, ताकि सुबह होने तक स्थिति को बदला जा सके। जैसे ही रात में कब्जे की खबर फैली धौलाना बार अध्यक्ष विनोद और अभिषेक तोमर बिना देर किए सहयोगियों के साथ मौके पर जा पहुंचे। वहां भारी संख्या में मजदूर और मशीनें देखकर अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तुरंत पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। ?मौके पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने दो टूक कहा कि रात के अंधेरे में चोरी-छिपे निर्माण करना खुद ही साबित करता है कि नीयत में खोट है। अधिवक्ताओं के भारी दबाव पर धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने मौके पर पुलिस बल भेजा स्थिति को बिगड़ते देख काम को तुरंत बंद करवा दिया । तत्काल मशीनों को वहां से हटवाया गया ।



बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया ने बताया की जब मामला जमीन के आवंटन और रजिस्ट्री कार्यालय का है, तो रात के अंधेरे में छिपकर काम करने की क्या जरूरत थी? यह सीधे तौर पर अवैध कब्जा करने की कोशिश है जिसे हम सफल नहीं होने देंगे।

उधर भूप राम आजाद जेई का कहना था की हमें तो समिति प्रबंधन से आदेश मिले थे। हमारा काम कंस्ट्रक्शन का है। हमें ऑर्डर मिला, हमने काम चालू किया। डी सी ओ मेरठ गन्ना सोसाइटी- वो जमीन गन्ना सोसाइटी के कब्जे में है तो गन्ना सोसाइटी की है। किसी और की नहीं है इतने सालों में से जब हमारे कब्जे में है। ऐसे कैसे एसडीएम रजिस्ट्री कार्यालय के लिए चयनित कर सकते हैं इस मामले में डीएम से भी मिले थे। हापुड़ डीएम हापुड़ के अगले आदेश की प्रतीक्षा करनी होगी । अब तभी कोई कार्रवाई होगी ।

# महिला अधिकारों के समर्थन में भाजपा की पदयात्रा, सैकड़ों महिलाओं ने दिखाई ताकत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर में महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को लेकर भाजपा नगर मंडल द्वारा व्यापक पदयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और विपक्ष के रुख का विरोध जताया। जिला अध्यक्ष कविता सिंह के नेतृत्व में निकली पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान महिलाओं ने नारेबाजी कर महिला सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सुमन गर्ग ने किया।

नगर अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि महिला सम्मान के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। जिला अध्यक्ष ने भी स्पष्ट किया कि महिला हितों की अनदेखी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मीनाक्षी गोयल, ज्योति गोयल, आशी मित्तल, नीरा कंसल, रेखा अग्रवाल, गीता कंसल, सोनिया भारती, सीमा जौहर, रजनी शर्मा, अंकुर गहलोत, वरुण शर्मा, विनय कुमार, रेनू सैनी, चेतन राणा, हिमांशु अग्रवाल, नरेंद्र सैनी, विशाल कौशिक, नरेश भारती, शैंकी प्रजापति, नितिन चोकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# सभासद की पहल रंग लाई, नाले के काम को मिली गति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर के वार्ड नंबर 16 में लंबे समय से लंबित पड़े नाले के निर्माण को लेकर अब हलचल तेज हो गई है। समस्या को लेकर सभासद सुनीता सिरोही ने नगर पालिका में जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया।



बताया जा रहा है कि नाले का निर्माण रेलवे प्रक्रिया में उलझा हुआ था। आवश्यक प्रपत्रों में कमी के कारण मामला बार-बार अटक रहा था। सभासद और उनके पति प्रेम सिरोही ने लगातार प्रयास करते हुए मुरादाबाद रेल मंडल से सही प्रारूप प्राप्त किया, जिससे अब प्रक्रिया आगे बढ़ सकी है।

गुरुवार को दोनों ने नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह को दस्तावेज सौंपे और नाले का एस्टीमेट तैयार कराने की मांग की। इस पर अधिकारियों ने तुरंत संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए।

सभासद ने कहा कि जलभराव की समस्या से वार्डवासी परेशान हैं, जिसे जल्द दूर कराया जाएगा। वहीं ईओ ने भरोसा दिलाया कि प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।

# कार्यकर्ता बैठक में गरजे सीएम चौहान, पदयात्रा को लेकर बनाई रणनीति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** आम आदमी पार्टी के पश्चिमी प्रांत उपाध्यक्ष सीएम चौहान ने परतापुर

**7 गए, 500 जीते: आप नेता सीएम चौहान का भाजपा पर हमला**

रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में पार्टी की मजबूती का दावा किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के पार्टी छोड़ने से संगठन कमजोर नहीं हुआ, बल्कि गुजरात में 500 से अधिक जनप्रतिनिधियों की जीत ने पार्टी का विस्तार किया है।

चौहान ने बताया कि पिछले चुनाव में जहां सीमित सफलता मिली थी, वहीं इस बार बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की और कई प्रत्याशी दूसरे स्थान पर भी रहे, जो संगठन के बढ़ते जनाधार को दशार्ता है।




बैठक में आगामी ह्यरोजगार दो, सामाजिक न्याय दोह्न पदयात्रा की रणनीति पर भी चर्चा की गई। यह यात्रा 16 से 20 तारीख तक सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में मेरठ से गाजियाबाद तक निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

इस दौरान जिला प्रभारी नरेंद्र सोलंकी समेत जोगिंदर दास, अरुण शर्मा, इमरान खान, शकील अहमद, चतर सिंह कलुआ, विपिन कुमार, मनोज तोमर, विनोद सैनी, सुनील कुमार, राजीव शर्मा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निरीक्षण** गौआश्रय स्थल में गौवंशों को हरा चारा देने व साफ सफाई रखने के दिये निर्देश

# नव नियुक्त सीडीओ ने गौआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सक के साथ गांव भटैल में संचालित गौआश्रय स्थल का निरीक्षण कर साफ सफाई व गौवंशों को निर्धारित हरा चारा देने के निर्देश दिये।

- **गांवों में चरागाहों में गौवंशों के लिए हरा चारे के लिए फसल पैदा की जायेगी**
- **एक हेक्टेअर में फसल की पैदावार करने को मिलेंगे 22 हजार रुपये**

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने मुख्य पशु चिकित्सक डा.ओपी मिश्रा के साथ गांव भटैल में संचालित गौआश्रय स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण करने के उपरांत उन्होंने गौआश्रय स्थल का संचालन करने वाले संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि गौआश्रय स्थल में गौवंशों को हरा चारा व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। सीडीओ ने बताया कि जनपद की तीनों तहसील क्षेत्रों में चरागाह की भूमि पर गौवंशों के लिए फसल की पैदावार की जायेगी। चरागाह की भूमि पर गौआश्रय स्थल के निकट स्थित है,तो गौआश्रय स्थल को संचालित करने वाली संस्था और दूर होने पर ग्राम प्रधान द्वारा फसल की पैदावार की जायेगी।

उन्होंने बताया कि फसल की पैदावार करने के लिए प्रति हेक्टेअर 22 हजार की धनराशि शासन द्वारा दी जायेगी। फसल पैदावार करने में विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत मजदूर लगाये जायेंगे। जिसके लिए शासन ने प्रथम किस्त की धनराशि भी जारी कर दी है।





# बिजली चोरों पर प्रवर्तन दल ने ग्राम गालंद में कसा शिकंजा, चार पर एफआईआर,16 किलोवाट की चोरी पकडी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सतर्कता विभाग और आलाकमान के निर्देशों पर बिजली चोरी रोकने के लिए जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में प्रवर्तन दल हापुड़ की टीम ने छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी है। प्रवर्तन दल के प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान धौलाना तहसील के ग्राम गालन्द, रोशन पुत्र दीपचन्द के परिसर की जांच की गई। जांच में पाया गया कि उपभोक्ता बिना किसी वैध विद्युत संयोजन के एलटी लाइन से दो कोर का काला केबिल डालकर सीधे बिजली की चोरी कर रहा था। जांच में पाया गया कि उपभोक्ता बिना किसी वैध विद्युत संयोजन के एलटी लाइन से दो कोर का काला केबिल डालकर सीधे बिजली की चोरी कर रहा था। आरोपी के यहाँ 6 किलोवाट का भार पाया गया। विभाग की इस कार्रवाई के दौरान कुल 4 मामले पकड़े गए, जिनमें कुल 16 किलोवाट की बिजली चोरी उजागर हुई है।पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई । चेकिंग टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक गंभीर सिंह, उपनिरीक्षक जसपाल सिंह, अवर अभियंता विनय कुमार, अवर अभियंता रामनारायण उपाध्याय, मुख्य आरक्षी अजीम और नन्दकिशोर शामिल रहे। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह का सख्त अभियान जारी रहेगा।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# भारत-न्यूजीलैंड ने नए आर्थिक संघ की शुरूआत की, दोनों देशों के लोगों के लिए एक लाभकारी समझौता




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

आधुनिक आर्थिक इतिहास के अधिकाँश समय के लिए व्यापार का तर्क सरल था: तुलनात्मक लाभ। यह प्रणाली काम करती थी - जब तक कि यह समझौता नहीं हुआ था। हाल के वर्षों में, भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन के साथ, व्यापार समझौतों की संरचना का फिर से निर्माण किया जा रहा है। समान विचारधारा वाले लोकतंत्रों के लिए, सवाल अब यह नहीं है कि एकीकृत होना चाहिए या नहीं, बल्कि यह कि कितना गहराई से और कितनी तेजी से एकीकृत होना चाहिए। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की अपनी महत्वाकांक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है। देश ने पूर्व –इस बार भारत-प्रशांत क्षेत्र – की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है। भारत ऐसे साझेदारों की तलाश में है, जो आर्थिक एकीकरण और अपने नागरिकों की समृद्धि के लिए इसके दृष्टिकोण को साझा करते हैं। न्यूजीलैंड के रूप में, भारत को बिल्कुल ऐसा ही देश मिला। यह रिश्ता लंबे समय से बन रहा था और पहली नजर में इसका विस्तार व्यापार से आगे तक है। लगभग 3,00,000 भारतीय मूल के लोग न्यूजीलैंड में रहते हैं, जो इसकी आबादी का लगभग 5 प्रतिशत हैं– ये एक ऐसे सेतु का निर्माण करते हैं, जो उतना ही सांस्कृतिक है, जितना कि आर्थिक। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि द्विपक्षीय वस्तु व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 1.3 बिलियन डॉलर पहुंच गया और पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी – यह आंकड़ा तेज वृद्धि का संकेत देता है। सेवा व्यापार भी 13 प्रतिशत बढ़ गया है। दो क्रिकेट राष्ट्रों का एक साथ आना, न केवल रोमांचक है, बल्कि पहले से चल रही साझेदारी को भी रेखांकित करता है।

प्रतिस्पर्धी निर्माण केंद्रों के बीच व्यापार समझौतों के विपरीत, इस साझेदारी की ताकत इसकी पूरक भूमिका में निहित है। भारत पैमाने की पेशकश करता है: 1.4 अरब लोग, एक उभरता हुआ मध्यम वर्ग और एक विश्वस्तरीय डिजिटल और सेवा अवसंरचना। न्यूजीलैंड विशेषज्ञता की पेशकश करता है: उच्च-तकनीक कृषि, सतत वानिकी और विशिष्ट निर्माण तकनीक। दोनों देशों की पूरक भूमिका ही इस साझेदारी की नींव है।

**बेहतर बाजार पहुंच:** एफटीए स्पष्टता और आकर्षक विशेषताओं के साथ संतुलन स्थापित करता है। भारत ने संवेदनशील उत्पादों को बाहर रखा है, जैसे डेयरी, अधिकांश पशु उत्पाद, सब्जियां, चीनी, कृत्रिम शहद, वसा और तेल, हथियार और गोला-बारूद, तांबा और एल्युमिनियम के सामान। शत-प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क हटा दिए गये हैं, जिससे निरंतर मौजूद बाधा समाप्त हो गयी है: यह बाधा प्रमुख शुल्क लाइनों पर 10 प्रतिशत तक के शुल्क के रूप में मौजूद थी। यह प्रगति श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, सिरामिक और कालीन तथा उच्च-वृद्धि वाले वाहन और इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए तत्काल प्रतिस्पर्धा आधारित प्रोत्साहन प्रदान करती है। भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात, जो पहले से ही वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, अब न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश कर रहा है, जो लगभग 1.9 बिलियन डॉलर मूल्य के ऐसे सामानों का वार्षिक आयात करता है और शून्य-शुल्क पहुँच की सुविधा देता है। इंजीनियरिंग निर्यात, जो दुनिया भर में 110 बिलियन डॉलर से भी अधिक हो गया है, अब ऐसे बाजार में भी वैसी ही गति पकड़ रहा है, जो 11 बिलियन डॉलर के इंजीनियरिंग उत्पाद आयात करता है।

# मई दिवस पर विशेष : मौजूदा श्रमिक असंतोष के निहितार्थ



इंद्रजीत सिंह

मई दिवस की शुरूआत 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मई महीने के पहले सप्ताह में हजारों औद्योगिक मजदूरों द्वारा की गई हड़ताल से हुई थी। सड़कों पर आकर 8 घंटे का कार्य दिवस और कार्यस्थल पर सम्मानजनक व्यवहार की मांग पर किये गए रोष प्रदर्शनों से निपटने के लिए पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में कुछ मजदूर शहीद हुए। बाद में हिंसा फैलाने के मनगढ़ंत आरोपों में मुकदमें चलाकर 6 श्रमिक नेताओं को मृत्यु दंड दिया गया था। तब से दुनिया के श्रमिक अपने उन शहीद साथियों को याद करते हैं, जिनकी कुर्बानियों से इस वैज्ञानिक और मानवीय दिनचर्या को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता मिली कि आठ घंटे काम, आठ घंटे नींद और आठ घंटे परिवार के साथ बिताना। 1889 में पेरिस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस के आह्वान पर 1890 में 1 मई को पहली बार मई दिवस दुनिया भर में मनाया गया। तब से सभी देशों के श्रमिक इस दिन अपने-अपने शहरों में इकठ्ठे होकर शोषण, उत्पीड़न और गैर-बराबरी वाली व्यवस्था को बदल कर श्रम का पूरा मूल्य, गरिमामय जीवन व समतामूलक समाज की स्थापना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता प्रकट करते हैं। भारत में श्रमिक आंदोलन पूंजीवादी शोषण की समाप्ति, साम्राज्यवाद की नव उपनिवेशवादी आक्रामकता के साथ ही सांप्रदायिक और जातिवादी फूट पैदा करने वाले षडयंत्रों के खिलाफ अपनी एकता प्रदर्शित करते हैं। वे अपने शासकों द्वारा साम्राज्यवाद के साथ किये जा रहे समर्पण के विरोध में अपने देश की संप्रभुता की हिफाजत में खड़े होते हैं और युद्धों का विरोध करते हुए विश्व शांति के पक्ष में संकल्प लेते हैं। ध्यान रहे कि 2026 का मई दिवस अभूतपूर्व परिस्थितियों में आया है। राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रमिकों का असंतोष सड़कों पर प्रकट होता देखा जा सकता है। आटोमोबाइल, कपड़ा उद्योग आदि में काम करने वाले हजारों युवा श्रमिकों की दो मुख्य मांगें हैं : पहली, न्यूनतम वेतन में वृद्धि और दूसरी, आठ घंटे से ज्यादा काम यदि लिया जाए, तो उसका दोगुना ओवरटाइम। कोई भी इन दोनों मांगों को अनुचित नहीं कह सकता। अफसोस की बात है कि मानेसर, गुड़गांव, भिवाड़ी और नोएडा में फूटे आक्रोश को शांत करने के लिए श्रमिकों की सुनवाई करने की बजाय उन पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया है। बहुत सारे मजदूरों को चोटें लगी, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। अंधाधुंध गिरफ्तारी करके महिलाओं समेत बहुत सारे जेलों में डाल दिए गए हैं। इन पर भारतीय न्याय संहिता की गंभीर आपराधिक धाराएं भी लगाई गई हैं। गिरफ्तार लोगों के परिजनों तक को सूचित नहीं किया गया, जो उनकी तलाश में भटकते रहे । ऐसे श्रमिक विस्फोट अब और प्रदेशों में भी फैलते जा रहे हैं। पिछले दिनों ऐसी ही स्थिति पानीपत रिफाइनरी के श्रमिकों के आकस्मिक विस्फोट के रूप में भी देखने को मिली थी। इसमें आश्चर्य नहीं कि सत्ता पक्ष ने श्रमिकों के इस स्वतःस्फूर्त असंतोष के पीछे आतंकवादी ताकतों की साजिश बताकर श्रमिक असंतोष को सनसनीखेज दिखाने की कोशिश की है। लेकिन असंतोष की आग अभी भी सुलग रही है। पश्चिम एशिया में साम्राज्यवादी युद्ध के चलते पैदा हुए ऊर्जा संकट के कारण गुजरात व अन्य प्रदेशों से बडी.संख्या में मजदूर पलायन कर गए हैं। बहरहाल इस समय अमेरिका-इजराईल ने ईरान पर भयानक युद्ध थोपने का विनाशकारी कदम उठाने का जो दुस्साहस किया है, उसका खामियाजा पूरे विश्व के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हमेशा की तरह पूंजीवादी व्यवस्था अपने अंतर्निहित संकट के दृष्टिगत अपने मुनाफे की दर बनाए रखने हेतु संकट का बोझ किसान व मजदूर वर्ग के ऊपर डालने के रास्ते पर चल रहा है। हाल में गैस की कीमतें बढ़ने से कंपनियों को अपने मुनाफे बनाए रखने के लिए श्रमिकों के काम के घंटे बढ़ाना एक मात्र आसान विकल्प दिखाई देता है।




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के श्रमिकों को खाड़ी युद्ध से ऊर्जा के दाम बढ़ने और बेतहाशा महंगाई के कारण 8-10 हजार रुपये के मामूली वेतन में गुजारा करना असंभव हो गया है। मकानों के किरायों में बढ़ोतरी, बच्चों की स्कूल फीस, स्वास्थ्य खर्च आदि को देखते हुए मजदूर अपना पेट काटकर भी परिवार का गुजारा नहीं चला सकते हैं।

राज्य सरकारों ने आंदोलन भड़कने के उपरांत हड़बड़ी में कई सालों से लंबित न्यूनतम वेतन में जो वृद्धि की हैं, वह न केवल अपर्याप्त हैं, बल्कि उनका अनुपालन नहीं करवाया जाता है। इसके अलावा एक बड़ा हिस्सा ऐसा भी है, जिसे "पीस रेट" के तहत लगाया हुआ है। संगठित क्षेत्र का यह ऐसा मजदूर है, जो असंगठित है। इनकी कोई वैधानिक सामाजिक सुरक्षा नहीं है, न ही दुर्घटनाओं से कोई सुरक्षा तथा बहुत ही जोखिमपूर्ण कार्य स्थितियों में इन्हें काम करना पड़ता है। शौचालय जाने की एवज में भी इनके पैसे काटे जाने जैसे अमानवीय व्यवहार की खबरें 1886 की शिकागो जैसी हालात की याद ताजा करवा देती हैं । इस स्थिति में निर्मम शोषण के शिकार इन तबकों का संगठित होना बहुत जरूरी है।

नव-उदारवाद के दौर में कारपोरेट के मंसूबों के चलते वर्ष 2020 में सभी 29 श्रम कानूनों को हटाकर उनकी जगह पर चार श्रम संहिता (लेबर कोड) संसद में पारित कर दिए गए। तमाम मुख्य ट्रेड यूनियनों के तीखे विरोध के बावजूद 21 नवंबर 2025 में इन्हें लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी गई। देश की सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों का मानना है कि चार श्रम संहिता लागू होने की स्थिति में काम के घंटों में वृद्धि होगी, यूनियनों का पंजीकरण करवाना बहुत कठिन होगा, हड़ताल करने पर दंडात्मक कारवाई की जा सकेगी, स्थाई रोजगार की बजाय ठेका प्रणाली का प्रचलन बढ़ेगा और लगाना व हटाना आसान होगा। यही नहीं, बल्कि 300 तक श्रमिक संख्या वाले उद्योगों को श्रम विभाग की अनुमति के बिना मजदूरों को हटाने की छूट रहेगी। इस सबके चलते श्रम विभाग निरर्थक हो कर रह जाएगा और श्रमिकों की स्थिति कमोबेश बंधुआ जैसी बननी निश्चित है।

गौरतलब है कि लेबर कोड के पक्ष में जैसी थोथी दलीलें दी जा रही हैं, ठीक वैसी ही धूर्ततापूर्ण दलीलें तीन कृषि कानूनों के संबंध में भी दी गई थी, जिन्हें किसानों ने आंदोलन करके वापिस करवाया था। स्वागतयोग्य बात है कि इस समय मजदूरों के साथ किसान संगठन भी खड़े हो रहे हैं। भविष्य में इस एकता के आशाजनक नतीजे सामने आएंगे।

**लेखक अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं।**

## नाप रहे फुटपाथ

स्याही, कलम, दवात से, सजने थे जो हाथ।
कूड़ा-करकट बीनते, नाप रहे फुटपाथ।।

जिन आँखों में स्वप्न थे, पढ़ने के अरमान।
धूल धुएँ में ढूँढते, जीवन का सामान।।
कैसा यह परिवेश है, कैसा यह उत्पात...
कूड़ा-करकट बीनते, नाप रहे फुटपाथ।।

कंधों पर बस्ता नहीं, बोझा भारी आज।
बाल दिवस के गीत सब, लगते बेआवाज।।
भूख छीनती बचपना, हर हँसता जज्बात...
कूड़ा-करकट बीनते, नाप रहे फुटपाथ।।

आओ मिलकर सोचिए, बदले यह हालात।
हर बच्चे को मिल सके, शिक्षा की सौगात।।
तभी चमकते देश के, होंगे सच्चे हाथ...
कूड़ा-करकट बीनते, नाप रहे फुटपाथ।।



डॉ. सत्यवान सौरभ

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**
**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# किसी भी परीक्षा में असफलता बुद्धिहीनता का प्रतीक नहीं होती



शाह आलम रोनक

यूपीएससी देश की सर्वाधिक कठिन परीक्षाओं में से एक है। यूपीएससी में करीब एक हजार पद होते हैं, जबकि आवेदन करने वालों की संख्या लगभग लाखों में होती है जो प्रतिवर्ष परीक्षा बैठते हैं। इस परीक्षा में जो पास होते हैं, जरूरी नहीं कि उन्हीं में सबसे अधिक प्रतिभा हो अथवा जो असफल होते हैं इसका मतलब ये नहीं के वे सभी बुद्धिहीन हों।

जबकि फाइनल रिजल्ट के बाद हजारों प्रतियोगी ऐसे रह जाते हैं जो उतने ही तेज और बुद्धिमान होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोग परीक्षा देते हैं कि लगभग पचास हजार लोग समान रूप से काबिल हो सकते हैं। यूपीएससी पास न कर पाने पर हजारों युवाओं को कुंठा, निराशा और डिप्रेशन का शिकार होते देखा गया है।

वे असफल होने से उतना प्रभावित नहीं होते जितना कि सफल होने वालों का मीडिया, कोचिंग सेंटर और समाज द्वारा किया गया महिमामंडन उन्हें प्रभावित करता है। सोशल मीडिया भी ऐसे पोस्टों से भरी रहती है। जो पास नहीं हो सके उन्हें जीने नहीं दिया जाता।

कई सप्ताह तक स्वागत और बधाइयाँ चलती रहती हैं। जाति के लोग अलग से गौरव गाथा गाने लगते हैं। जितनी अधिक पब्लिसिटी होगी, उतना ही असफल युवाओं पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और वे सोचने लगेंगे कि उनमें काबिलियत नहीं है। घर वाले भी दबाव डालते हैं। दोस्त और रिश्तेदार कन्नी काटने लगते हैं। लोग ताने मारते हैं और जो साथ में तैयारी कर रहे होते हैं उनके व्यवहार में भी बदलाव आने लगता है। दर्जनों मामले देखे हैं जहाँ अधिक प्रतिभाशाली साथी यूपीएससी नहीं निकाल पाते, जबकि अपेक्षाकृत औसत लोग सफल हो जाते हैं।

कहने का तात्पर्य है सफल अभ्यर्थियों के इतना महिमा-मंडन और शोर-शराबे की आवश्यकता नहीं है। इससे असफल युवाओं पर गहरा नकारात्मक असर पड़ता है। यूपीएससी पास करने वाले कौन सा बहुत बड़ा काम कर देते हैं? वे कौन सा नया आविष्कार कर रहे हैं? डॉक्टर, इंजीनियर और एमबीए करने वाले भी यूपीएससी के पीछे क्यों भागते हैं? वेतन भी बहुत अधिक नहीं होता। जब उनसे पूछा जाता है तो जवाब लगभग एक जैसा होता है देश की सेवा का मौका मिलेगा। लेकिन कौन सी सेवा करने जा रहे हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। असफल युवाओं से मैं यही कहना चाहूँगा कि दुनिया में करने के लिए बहुत कुछ है। जीना जरूरी है और खुद को पहचानना भी जरूरी है। खुश रहने के कई आयाम हैं।

समय कभी नहीं रुकता। जो आज सफल हो जाते हैं, वे भी कुछ समय बाद निराशा और हताशा भरी जिंदगी जीने लगते हैं। बीपी, ब्लड शुगर, हार्ट की समस्याएँ और डिप्रेशन का शिकार होना आम बात है। कहने का अर्थ यह है कि जिंदगी जीने के लिए होती है, कुछ करने के लिए होती है। समाज क्या सोचता है या क्या कहता है, इस पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

# सन टेन के लिए घरेलू उपाय



शहनाज हुसैन

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है। , गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं। हालाँकि कुछ लोग चेहरे पर कपडा बांध कर निकलते हैं लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टिओं में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांबली पड़ जाती है । चेहरे पर सन टेन की बजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खतम हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है ।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महँगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएँ खड़ी हो जाती हैं । ऐसे में धुप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाये रखेंगे ।

**1 --पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है । इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें । पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें निम्बू की कुछ बुँदे मिला लें ।इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें ।इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं ।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है । आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुँदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें ।इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें ।यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है ।

**2 --नींबू का फेस पैक ---**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस , एक चमच्च शहद और एक चमच्च दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें ।इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें । यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है ।दूध में बिद्यमान प्रकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम , कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं ।

एक चमच्च चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें ।इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं

**3---खीरा ----**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है. इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है.।

एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा. यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं. यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए. जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें. उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें. इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें. इसे ठंडे पानी से धो लें.।

खीरे , पके पपीते के गूदे ,दही में दो चमच्च ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिये और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिये । इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं ।

4 -दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें ।

5 -पके केले को मैश करके इसमें एक चमच्च शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें । इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें

6-तीन चमच्च एलो वेरा जैल , एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें । इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें । इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं ।

एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है ।

7-बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिये । इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिये ।

8 -एक चमच्च शहद , एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिये

9 -एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं । इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें ।

10 -एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें ।

**लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में बिख्यात हैं ।**

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – घर में किरायेदार रख सकते है, नए घर में प्रवेश होगा, बीपी, सर में परेशानी अचानक क्रोध का ध्यान रखें,व्यवसाय में लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-69

**वृषभ** – महत्वपूर्ण यात्रा होगी, माता की ओर से अच्छा सुझाव मिलेगा, लोन पर कोई चीज लेना होगा, कोई फैसला ले तो उसे बदले नहीं। भाग्य प्रतिशत-60

**मिथुन** – विज्ञापन के क्षेत्र में कार्य करते है तो उन्नती होगी, कार्ड प्रिंटिंग प्रेस, रेस्टोरेंट कार्य लाभ देगा, किसी से गर्मागर्मी हो सकती है थोड़ा दूर रहें। भाग्य प्रतिशत-70

**कर्क** – अपने बारे में विचार अधिक करेंगे,जीवन में बड़े बदलाव होंगे, काम में व्यस्तता भी बढ़ेगी, नए मित्र भी बनेंगे। भाग्य प्रतिशत-71

**सिंह** – कुछ नया कार्य शुरू करना चाहेंगे जिससे आमदनी बढ़ेगी, भाई बहनो के जीवन में कुछ अच्छा होगा, व्यवसायिक डील से फायदा होगा। भाग्य प्रतिशत-73

**कन्या** – परिवार में मेहमान आयेंगे, स्वागत सत्कार करेंगे, खर्चा भी होगा, पत्नी से नोकझोंक से बचे, चिकित्सा, कंस्ट्रक्शन, खेलकूद व्यवसाय से आमदनी होगी। भाग्य प्रतिशत-70

**तुला** – मीडिया में है तो दूसरे चैनल, पेपर में नौकरी सम्भव है, चल रहे कानूनी मसले में थोड़ी टेंशन रहेगी, घर में लोगों का आना जाना रहेगा। भाग्य प्रतिशत-65


**वृश्चिक** – लोगों से सहयोग प्राप्त होगा, छोटी यात्रा करेंगे, विदेश से नौकरी का ऑफर मिल सकता है, बैंकिंग कार्य अच्छे से करे। भाग्य प्रतिशत-64

**धनु** – आमदनी बढ़ेगी, विदेश रहते है तो परिवार से मिलने आ सकते है, गर्भवती स्त्री को पुत्री संतान प्राप्त हो सकती है, जीवन साथी को थोड़ा तनाव सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-70

**मकर** – किस कार्य से जीवन चलाए विचार करेंगे, मकान में कुछ सही कराना पड़ सकता है, संगीत इंस्टीट्यूट, बुटीक, श्रृंगार व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-57

**कुंभ** – अच्छे विचार आयेंगे, भाग्य भी साथ देगा, दूसरे कार्य से इन्कम होगी, सेना, पुलिस, कम्प्यूटर,तांबा,पीतल कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-79

**मीन** – कार्यक्षेत्र में अच्छी इन्कम होगी, संतान की उन्नति होगी, प्राइवेट जॉब मिल जाएगी, दान दक्षिणा में खर्च भी करेंगे, कमर्शियल प्रॉपर्टी ले सकते है। भाग्य प्रतिशत-63



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश


# पिलखुवा के छात्रों ने लहराया परचम, CISCE रिजल्ट में शानदार उपलब्धि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा के नतीजों में इस बार पिलखुवा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढ़ाया है। हाईस्कूल में जहां सभी छात्र सफल रहे, वहीं इंटरमीडिएट में भी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**इंटरमीडिएट में युवराज पराशर ने प्राप्त किये 99.75 प्रतिशत अंक तो वही हाईस्कूल वर्ग में देवरथ मित्तल ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान किया प्राप्त**

इंटरमीडिएट में युवराज पराशर ने 99.75 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इशिता तोमर ने 97.75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और जयंत चौधरी ने 97.25 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हाईस्कूल वर्ग में देवरथ मित्तल ने 97.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नवश्री मित्तल 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रहीं। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में जश्न का माहौल बन गया।



युवराज इंटर का टॉपर जिले का व हाई स्कूल का टॉपर है जिले का



छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। प्रधानाचार्य सिस्टर आंसी ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

# ट्रैफिक पुलिस ने बुलट मोटर साइकिल का काटा 16 हजार रुपये का चालान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद में युवक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुलेट मोटर साइकिल से स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने बुलेट मोटर साइकिल का 16 हजार रुपये का चालान काट दिया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों की अपील की है,वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

- **नेशनल हाइवे पर स्टंटबाजी करने का वीडियो हुआ वायरल**
- **ट्रैफिक पुलिस की अपील,जनपदवासी ट्रैफिक नियमों का करें पालन**

आपको बता दें,कि सिविल व ट्रैफिक पुलिस ने समय-समय पर शिविर लगाकर व कार्यशालाएं आयोजित कर वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करती है। इसके बावजूद भी युवक ट्रैफिक नियमों को तोड ? में कोई कसर नहीं छोड़ते है। जिस पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान काटने की कार्यवाही की जाती है।

जनपद में गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुलेट मोटर साइकिल से स्टंटबाजी करने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ,जिसका संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने बुलेट का 16 हजार रुपये का चालान काट दिया।



ट्रैफिक पुलिस ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें,अपनी व अन्य की जान जोखिम में नहीं डाले,यदि किसी वाहन चालक द्वारा ट्रैफिक नियमों को पालन नहीं किया जाता है,तो उसके खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# 3 मई को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में होगी श्रवण शक्ति की भी जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** स्वर्गीय डॉ सतीश त्यागी की स्मृति में आगामी 3 मई को आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में अब श्रवण शक्ति की जांच की सुविधा भी शामिल की गई है। शिविर में इस नई सेवा को प्राथमिकता के साथ जोड़ा गया है। श्रवण शक्ति जांच का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर की मुख्य आयोजक वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सरिता त्यागी ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले और मानवता को समर्पित रहे स्व डॉ सतीश त्यागी का 3 मई को 69वां जन्मदिवस है। उनकी स्मृति में प्रियदर्शी अस्पताल के तत्वावधान में यह विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में किडनी, डायलिसिस व किडनी ट्रांसप्लांट मरीजों को परामर्श, सामान्य रोगों की जांच, हृदय व महिला रोग परामर्श, रक्तचाप व ब्लड शुगर की जांच, ईएनटी, एंडोस्कोपी व ईसीजी परीक्षण, मस्तिष्क व नसों के रोगों की जांच, बांझपन परामर्श सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त श्रवण शक्ति जांच की सुविधा जोड़ने से कान संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ से परामर्श मिल सकेगा। डॉ सरिता त्यागी ने क्षेत्रवासियों से पुनः अपील की कि शिविर में किसी भी असुविधा से बचने के लिए शिविर की निर्धारित तिथि से पूर्व इन मोबाइल नंबरों 8272836472, 9045030282, 7217502504, 7669244563, 8923223658 पर अपना पंजीकरण कराकर समय सुनिश्चित अवश्य करा लें। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



स्व डॉ सतीश त्यागी

# गरीब बेटी के विवाह में नेशनल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया फाउंडेशन ने की आर्थिक मदद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नेशनल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया फाउंडेशन ने ग्राम पतला में एक निर्धन कन्या के विवाह हेतु 31,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। फाउंडेशन की इस पहल से जहां एक जरूरतमंद परिवार को राहत मिली। वहीं फाउंडेशन के द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की क्षेत्रवासी मुक्तकंठ से सराहना कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार बिजेंद्र भारती ने कहा कि समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करे, तो कोई भी गरीब परिवार अपनी बेटी के विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर असहाय नहीं रहेगा। इस अवसर पर मौजूद समाजसेवी प्रदीप कश्यप ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता को सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य बताते हुए सभी से ऐसे कार्यों में भागीदारी करने का आह्वान किया। संस्था के सदस्य विवाह समारोह में स्वयं उपस्थित रहे और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। बिजेंद्र भारती ने बताया कि फाउंडेशन पूर्व में भी कई जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर चुका है और भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखे जायेंगे।



इस अवसर पर चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली, संरक्षक हरेंद्र शर्मा, महासचिव सुनील शर्मा, एड बबलू वशिष्ठ, दर्शन प्रजापति, पंकज कश्यप, हरिओम सेन, राशू मलिक, तरुण सक्सेना, संजय लाल, योगेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिन्हांकन करें: डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण समिति/और जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कि जनपद स्थित पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु जनपद में प्लास्टिक वेस्ट का मैनेजमेंट,पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुरूप करें।

**प्रदूषित जल गंगा नदी में प्रवाहित न होने दें:सीडीओ**

मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने समस्त अधिशासी अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह जनपद स्थित कूड़े कचरे का निस्तारण उचित व्यवस्था के साथ करते हुए डोर टू डोर वेस्ट का कलेक्शन कर दिए गए नियमों के अनुसार मैनेजमेंट करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला गंगा समिति की बैठक के अंतर्गत समिति अध्यक्ष द्वारा प्रदेश में छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प हेतु काली नदी का चयन करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को काली नदी के कार्य योजना तैयार की जाने और किसी भी प्रकार से प्रदूषित जल गंगा नदी में प्रवाहित न होने दें।



जिला वृक्षारोपण समिति के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में किए गए वृक्षारोपण की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग हेतु आवश्यक सूचना एवं अभिलेख समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएं,ताकि कार्यों की पारदर्शी समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

समिति अध्यक्ष द्वारा समस्त विभागो को निर्देशित किया गया कि वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में वृक्षारोपण कार्यों का सत्यापन का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाये तथा वृक्षारोपण वर्ष 2026-27 में कराएं जाने वाले वृक्षारोपण हेतु आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत भूमि चिन्हांकन तथा अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढ़ा खुदान)करते हुये उसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर गौतम सिंह प्रभागीय वनाधिकारी, अनवर शेख जिला विकास अधिकारी, विरेन्द्र कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी,शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायती राज अधिकारी, विपुल कुमार प्रतिनिधि क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हापुड़ तथा जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टी0बी0 विभाग ने वाद विवाद प्रतियोगिता कराई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना 100 दिवसीय टी0बी0 मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार से जागरूकता एवं जनसहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को इसी कड़ी में जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर सभागार में चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 हेमलता सिंह की अध्यक्षता में क्षय रोग विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल कालेजों के परास्नातक विद्यार्थियों के बीच एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय प्रयोग शाला के डॉ प्रयास त्यागी उपस्थित रहे। जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि जनपद में प्रतिदिन स्कूलों/कॉलेजों इस प्रकार कि जनजागरण गतिविधियां की जा रही हैं,जिला संयुक्त चिकित्सालय में क्षय रोग विषय पर एक सेमिनार का आयोजन भी किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### गैंगस्टर की 25 लाख रुपए ककी संपत्ति कुर्क

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की 25 लाख रुपए का प्लाट कुर्क कर लिया ली। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि बहादुरगढ़ के गांव चांदनीर निवासी संजीव गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध है। डीएम के निर्देश पर गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में अवैध रूप से एकत्र किए गए गैंगस्टर के 25 लाख रुपए कीमत के अवैध अचल संपत्ति 100 गज का प्लाट को कुर्क कर लिया है।



### 85 लाख रुपए के लूटकांड का एक ओर आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में एक मुनीम से हुई 85 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गौतमबुद्धनगर के दादरी गांव दादूपुर खटाना निवासी अजयपाल घी-तेल व्यापारी गोपाल गोयल के यहां मुनीम का कार्य करता हैं। 15 दिसंबर को वह हापुड़ के दो व्यापारियों के यहां से रुपये वसूल कर बाइक से वापस लौट रहे थे। हाईवे के रास्ते 85 लाख रुपयों से भरा बैग छीन लिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने बताया कि मामले में पुलिस ने हापुड़ के पक्का बाग निवासी ऋषभ को गिरफ्तार कर कर जेल भेज दिया।



### नेशनल हाइवे पर दो कारों में हुई जोरदार भिड़ंत,दोनों चालक घायल,भीषण जाम लगा, क्रेन की मद्द से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर दोनों कारों की जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हो गए। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जिससे भीषण जाम लग गयी। पुलिस ने क्रेन की मद्द से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के मोहल्ला मेघवाला निवासी वसीम गुरुवार को अपनी वैगनार कार से मुरादाबाद की ओर जा रहे थे। और कोतवाली हापुड़ नगर क्षेत्र के माता मोहल्ला निवासी मुकेश अपनी कार से हापुड़ से दिल्ली की ओर जा रहे थे। नेशनल हाइवे पर वसीम की कार



अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद उसे पार करते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। वहां सामने से आ रही मुकेश की कार से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों कारों टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर एक तरफ का यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही टीपी नगर चौकी प्रभारी प्रदीप पचौरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया गया,जिससे उपरांत यातायात सुचारु हो सका। सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# स्वस्थ रहने का संदेश: उत्तम स्कूल में बच्चों को दी गई फिटनेस और सही खानपान की सीख

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** परतापुर रोड स्थित उत्तम जूनियर हाईस्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों व शिक्षकों ने बच्चों को संतुलित भोजन, नियमित दिनचर्या और साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी।



प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने कहा कि केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि अच्छा स्वास्थ्य भी जीवन में सफलता के लिए जरूरी है। उन्होंने छात्रों को रोजाना व्यायाम करने, समय पर भोजन करने और फास्ट फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कई सवाल पूछे और उपयोगी जानकारी हासिल की। अंत में सभी को स्वस्थ आदतें अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,दो अवैध चाकू बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किये है।





थाना बहादुरगढ़ प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह के निर्देश पर आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान नानई बम्बा की ओर आम के बाग व पलवाड़ा नहर पटरी के निकट से दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किये है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम भूरा पुत्र बुन्दू निवासी ग्राम पलवाड़ा व असलम पुत्र मिम्बर निवासी ग्राम पलवाड़ा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ है।

**निर्देश** — किसी भी स्थिति में जनसुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़

# इन्दिरापुरम अग्निकांड के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय बैठक आयोजित, जनसुरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनसुरक्षा संबंधी समस्त मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए: जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड इन्दिरापुरम क्षेत्र में घटित अग्निकांड की घटना के मद्देनजर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें 17 विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी द्वारा उक्त अग्निकांड की घटना की गहन जांच हेतु एक टीम का गठन किया गया है, जिसमें जीडीए सचिव अध्यक्ष व एडीएम एफ/आर, सीएफओ और सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा सदस्य हैं। उन्होंने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जनसुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। आपदा प्रबंधन, अग्निशमन विभाग, जीडीए एवं नगर निगम द्वारा निर्धारित जनसुरक्षा संबंधी समस्त मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी फ्लैट ओनर एसोसिएशनों को निर्देशित किया कि उनकी सोसाइटी/भवनों में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें। बैठक में फ्लैट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ निवासियों द्वारा अवैध रूप से बालकनी विस्तार एवं अवैध पार्किंग का निर्माण कराया गया है, जिससे आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित होते हैं।



मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल द्वारा अवगत कराया गया कि राजनगर एक्सटेंशन सहित अन्य उच्च-आवासीय (हाईराइज) क्षेत्रों के समीप अतिरिक्त फायर स्टेशनों की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वर्तमान एवं भावी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए समुचित क्षमता वाले फायर स्टेशनों की स्थापना हेतु प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किए जाएं। अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में 05 फायर स्टेशन संचालित हैं तथा 02 का निर्माण कार्य प्रगति पर है।बैठक में कनावनी क्षेत्र में घटित अग्निकांड की घटनाओं का भी उल्लेख किया गया, जिसमें स्लम एवं रिहायशी क्षेत्रों में अवैध रूप से कबाड़ के कार्य किए जाने को आगजनी की घटनाओं का एक प्रमुख कारण बताया गया। इस संबंध में. जिलाधिकारी महोदय ने नगर निगम को निर्देशित किया कि ऐसे कार्यों पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा आवश्यक सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही लाइसेंस प्रदान किए जाएं।

जिलाधिकारी द्वारा जीडीए, विद्युत विभाग, विद्युत सुरक्षा एवं अग्निशमन विभाग सहित समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त हाईराइज भवनों, स्लम क्षेत्रों, आवासीय परिसरों, औद्योगिक इकाइयों, होटलों, मॉल, रेस्टोरेंट एवं शैक्षणिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा घटना की स्थिति में संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में कहीं भी अग्निकांड की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर नगर आयुक्त नगर निगम, सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अपर पुलिस उपायुक्त, उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उप श्रमायुक्त श्रम विभाग, डिप्टी रजिस्ट्रार चिट एण्ड फण्ड, उप निदेशक कारखाना, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मोदीनगर (नोडल), स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आईएमए चंदौसी का मेडिकल सेमिनार आयोजित, बाल रोग, गुर्दा व दर्द प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) चंदौसी द्वारा शहर में एक महत्वपूर्ण मेडिकल सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बाल रोग चिकित्सा, गुर्दा रोग (नेफ्रोलॉजी) एवं दर्द निवारण जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार का आयोजन शहर के एक होटल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद संभल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक रहे। उन्होंने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में लगातार अपडेट रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में डॉ. अर्जुन अग्रवाल (डीएम नेफ्रोलॉजी) ने गुर्दा रोगों के आधुनिक उपचार एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अंकित सिंघल (डीएम नियोनेटोलॉजी) ने नवजात शिशुओं की देखभाल और उनसे संबंधित जटिलताओं के उपचार पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा डॉ. निदा खान (एमडी, पेन स्पेशलिस्ट) ने दर्द प्रबंधन की नई तकनीकों और उपचार पद्धतियों के बारे में चिकित्सकों को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए चंदौसी के अध्यक्ष डॉ. सर्वेश सक्सेना ने की।

उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार चिकित्सकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। वहीं आईएमए सचिव डॉ. शशांक चौधरी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। सेमिनार के अंत में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# गजरौला में जूबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन, जहरीले पानी का आरोप लगाकर दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गजरौला (डा. महताब अमरोहवी)।** वृहस्पतिवार को नाईपुरा गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष सुबह करीब 11 बजे थाना गजरौला पहुंचे और इंस्पेक्टर मनोज कुमार को जूबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु तहरीर सौंपी। ग्रामीणों ने फैक्ट्री पर जहरीले केमिकल युक्त पानी को बोरवेल के जरिए जमीन में छोड़ने का गंभीर आरोप लगाया।

नाईपुरा निवासी रिंकी रावत ने बताया कि गांव के सामने संचालित जूबिलेंट फैक्ट्री द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी से क्षेत्र का भूजल प्रदूषित हो गया है, जिससे पीने का पानी जहरीला हो चुका है। उनका दावा है कि इस पानी के सेवन से सैकड़ों लोगों की कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोग विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या से नाईपुरा समेत आसपास के कई गांवों के किसानों का जीवन प्रभावित हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, फैक्ट्री के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में पिछले चार महीनों से धरना चल रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पुलिस प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे फैक्ट्री के गेट पर तालाबंदी करने और पुल के नीचे धरना देने को मजबूर होंगे। मौके पर मौजूद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने किसानों से शांतिपूर्ण आंदोलन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि गजरौला क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान होना चाहिए। यदि समस्याएं लंबित रहीं तो किसान उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 131 दिनों से शांतिपूर्वक चल रहे आंदोलन को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

इस दौरान राष्ट्रीय प्रमुख सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष अहसान अली, अजय पाल, नूरजहां बेगम, नफीसा, मुनीजा, नजमा, देवेंद्र, मुनेश, कुसुम, बानो, सूरजमुखी, होमपाल सिंह, शम्सुद्दीन, सोमपाल, विजय चौधरी, अमन, ओमप्रकाश, रामप्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अवैध ई-रिक्शा पर रोक की मांग, व्यापार मंडल ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा




इकाई के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें शहर में बिना पंजीकरण चल रहे ई-रिक्शा पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि शहर में बड़ी संख्या में अवैध ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण आजाद रोड, मालगोदाम मार्ग और फव्वारा चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर रोजाना भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम जनता और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई नाबालिग और अप्रशिक्षित चालक लापरवाही से ई-रिक्शा चला रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही ई-रिक्शा का उपयोग भारी सामान ढोने में भी किया जा रहा है, जो खतरे को और बढ़ाता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि नगर में केवल पंजीकृत ई-रिक्शा को ही प्रवेश दिया जाए। इस पर अधिशासी अधिकारी धर्मपाल ने आश्वासन दिया कि अपंजीकृत ई-रिक्शा के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी और नगर पालिका में पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी, जिसमें चालकों का आधार कार्ड अनिवार्य होगा। इस दौरान आकाश आहूजा, निशांत शर्मा, रितिक, शुभम अग्रवाल, गोविंद, तुषार, कृष्टल आदि मौजूद रहे।

# भाई व उसके परिवार पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी शिवानी पत्नी शाबू ने कोतवाली चंदौसी में दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल को वह अपने घर पर परिवार के साथ मौजूद थी। इसी दौरान उसके पति शाबू का भाई सतवीर, उसका बेटा, पत्नी सुमन और बेटी घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने शाबू के सिर पर डंडे से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने शिवानी और उसके सात वर्षीय बेटे आर्यन के साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना में



घायल शाबू का उपचार कराया गया। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से बालिका की मौत, दो घायल

बुलंद संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** हयातनगर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक गिरने से 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्वजन में खलबली मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान निवासी युसुफ के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था और गुरुवार को मजदूर दीवार तोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान दीवार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में गली से गुजर रही मुन्नी के अलावा बाइक सवार दानिश और सरफराज आ गए। तीनों मलबे में दब गए और घायल हो गए। लोगों ने देखा तो मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। घायल अवस्था में बाहर निकालकर तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, वहां चिकित्सकों ने मुन्नी को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव बालियान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राज्यपाल का बरेली दौरा बेहद सघन और सख्त संदेश देने वाला रहा,व्यवस्थाओं की सघन जांच हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को बरेली पहुंचीं तो पूरा सिस्टम हाई अलर्ट पर आ गया। सुबह एयरपोर्ट से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक उनका कार्यक्रम बेहद सघन और सख्त संदेश देने वाला रहा। जहां-जहां राज्यपाल पहुंचीं, वहां व्यवस्थाओं की परत-दर-परत जांच हुई और अफसरों में साफ तौर पर बेचैनी नजर आई।

त्रिशूल हवाई अड्डे पर उतरते ही राज्यपाल सीधे दिशा इंटर कॉलेज पहुंचीं। यहां उन्होंने औपचारिकता से दूर हटकर स्कूल की असल तस्वीर देखने की कोशिश की। क्लासरूम, संसाधन और बच्चों की पढ़ाई–हर पहलू को बारीकी से परखा। खास तौर पर विशेष बच्चों की शिक्षा को लेकर उनका रुख बेहद गंभीर दिखा, जिससे साफ हो गया कि लापरवाही पर कोई नरमी नहीं होगी। दिशा इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने साफ शब्दों में संकेत दिया कि विशेष बच्चों की शिक्षा सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। मंच से ही उन्होंने समावेशी शिक्षा और संसाधनों की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में



मौजूद अधिकारियों और शिक्षाविदों के लिए यह साफ संदेश था कि अब सिर्फ दावे नहीं, काम दिखना चाहिए।

**संप्रेक्षण गृह में सख्ती, बच्चों की हालत पर ली सीधी रिपोर्ट**

इसके बाद किला स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) पहुंचकर राज्यपाल ने व्यवस्थाओं की हकीकत जानने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों की सुरक्षा, रहन-सहन और सुविधाओं को लेकर उन्होंने मौके पर ही जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, छोटी-छोटी खामियों पर भी सवाल उठे, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की सांसें थमी रहीं। दोपहर करीब 1:25 बजे तक राज्यपाल का दौरा पूरी रफ्तार में चलता रहा। इसके बाद वह महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के लिए रवाना होंगी, जहां बैठक और समीक्षा का दौर चलेगा। माना जा रहा है कि यहां भी शिक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर कड़े सवाल उठ सकते हैं।

**शाम को उद्घाटन कार्यक्रम, सियासी हलचल भी तेज**

शाम को राज्यपाल रामगंगानगर स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल की नई शाखा का उद्घाटन करेंगी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की मौजूदगी से सियासी हलचल भी बढ़ गई है। दौरे के बहाने प्रशासनिक के साथ-साथ राजनीतिक सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। राज्यपाल के दौरे को लेकर पूरा बरेली सुरक्षा घेरे में नजर आया। एयरपोर्ट से लेकर हर कार्यक्रम स्थल तक पुलिस की कड़ी निगरानी रही। रूट डायवर्जन लागू किया गया और अफसरों को साफ चेतावनी दी गई कि सुरक्षा में जरा सी चूक भी भारी पड़ सकती है। पूरे दिन शहर में वीवीआईपी मूवमेंट का असर साफ दिखा।

# मासूम की अस्मत लूटने वालों को पुलिस ने अंजाम तक पहुंचाया, जेल भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र में एक 13 साल की मासूम की अस्मत लूटने वाले दरिंदों को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर उनके अंजाम तक पहुँचा दिया। बुधवार देर रात मधु नगला मढ़ी के जंगलों में हुई सनसनीखेज मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी साकिब के पैर में गोली लगी है, जिससे वह वहीं गिर गया।

**बहला-फुसलाकर ले गए जंगल, फिर लूटी मासूम की अस्मत**

दिल को झकझोर देने वाली यह वारदात मंगलवार को उस वक्त हुई जब पीड़िता का पिता मजदूरी करने गया था। गांव के ही दो हैवान– साकिब और मनीष– ने घात लगाकर 13 साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाने की साजिश रची। आरोपी मासूम को बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठा ले गए और मधु नगला मढ़ी के घने जंगलों में ले जाकर दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। शाम को जब लहूलुहान और बदहवास हालत में मासूम घर पहुँची, तो उसकी दास्तां सुनकर पूरा इलाका दहल उठा।



**पुलिस को देख दाग दी गोली, जवाबी कार्रवाई में 'लंगड़ा' हुआ साकिब**

वारदात के बाद से ही क्योलड़िया पुलिस की कई टीमें इन दरिंदों के पीछे लगी थीं। बुधवार रात करीब 11 बजे पुलिस को सटीक सूचना मिली कि दोनों आरोपी भागने की फिराक में जंगल में छिपे हैं। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी शुरू की, खुद को फंसता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर सीधी फायरिंग झोंक दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में गोली सीधे साकिब के पैर में जा धंसी। गोली लगते ही आरोपी साकिब चीखते हुए जमीन पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे और उसके साथी मनीष को दबोच लिया।

**मौके से असलहा बरामद, अब कोर्ट में होगी पेशी**

मुठभेड़ स्थल पर जांच के दौरान पुलिस को एक अवैध तमंचा और कारतूस के दो खोखे मिले हैं। प्रभारी सीओ पंकज श्रीवास्तव ने साफ कर दिया है कि अपराध करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। घायल साकिब को कड़ी सुरक्षा के बीच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसके साथी मनीष से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने गुरुवार को दोनों को कोर्ट में पेश करेगी, जहाँ से उन्हें सलाखों के पीछे भेजने की तैयारी है। इस कार्रवाई के बाद से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# तेज हवा बारिश के साथ ओलावृष्टि से किसानों की बडी मुश्किल, गेहूं की फसल से टूटा किसान, अब मक्का की खेती में भी भारी नुक्सान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई।** गेहूं की खेती के समय हुई ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ा अभी उसके गम से नही उभरा कि गुरुवार शाम छः बजे के समय आई तेज



आंधी के साथ बारिस व ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता और बडा दी इस समय मक्का की खेते तैयार है ओलावृष्टि से उसमें भारी नुक्सान है,चंदोसी तहसील के गांव थरैसा जयसिंह के साथ साथ अन्य गांवों में भारी ओलावृष्टि हुई है।



आम जनता को गर्मी से निजात मिली है ओलावृष्टि व बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है तापमान में गिरावट महसूस हो रही है खबर लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हुए है और किसी भी समय बारिश हो सकती है।

# मुख्यमंत्री के सलाहकार ने किया रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** जनपद के पूर्व लोकप्रिय जिलाधिकारी व वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने मंगलवार को जनपद के रोडवेज बस स्टैंड का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक बस स्टैंड बनाए जाने के संबंध में जिले के अधिकारियों से जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि आमजन की सहूलियतो का विशेष ध्यान रखा जाए और यही माननीय मुख्यमंत्री जी व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास पर कार्य करती है और यह बात अधिकारियों को स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने व उसका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# तेज आंधी के बाद झमाझम बारिश, जनजीवन प्रभावित, किसानों को मिला आंशिक लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी ।** सोमवार शाम करीब 5:30 बजे मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आया और उसके बाद शुरू हुई तेज बारिश ने पूरे शहर को भिगो दिया। मौसम के इस अचानक बदलाव से जनजीवन प्रभावित हो गया और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।आंधी और बारिश के चलते सड़कों पर चल रहे लोग जहां थे, वहीं रुकने को मजबूर हो गए। बाजारों में भी अचानक सन्नाटा छा गया और दुकानदारों को सामान समेटने की जल्दी करनी पड़ी। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई, जिससे यातायात प्रभावित रहा।

वहीं किसानों के लिए यह बारिश मिश्रित प्रभाव लेकर आई है। जिन क्षेत्रों में फसलों को पानी की आवश्यकता थी, वहां यह बारिश लाभकारी साबित होगी और फसलों को राहत मिलेगी। खासकर गन्ना, सब्जी एवं दलहनी फसलों को इससे फायदा होने की उम्मीद है। हालांकि, जिन किसानों की कटाई की फसल खेतों में पड़ी है, उनके लिए यह बारिश नुकसानदायक हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम: परीक्षा में "कमजोर परिणाम वाले विद्यालयों की होगी" समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणामों ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि प्रदेश में सरकारी विद्यालय अभी शैक्षणिक गुणवत्ता व बेहतर परिणाम देने में पीछे हैं, जबकि स्ववित्तपोषित (निजी) संस्थानों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बोर्ड अब कम परिणाम देने वाले विद्यालयों की समीक्षा करेगा, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। इस बार हाईस्कूल परीक्षा के नतीजों में राजकीय विद्यालयों में 87.93 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में 86.98 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं, निजी विद्यालयों ने 92.32 प्रतिशत परिणाम के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में भी यही तस्वीर दिखी। राजकीय विद्यालयों का परिणाम




83.17 प्रतिशत, सहायताप्राप्त विद्यालयों का 78.98 प्रतिशत और निजी संस्थानों का 81 प्रतिशत रहा है।

**खबर का असर** पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेते हुए, यातायात प्रभारी सहित चार को किया लाइन हाजिर

# दैनिक बुलन्द संदेश अखबार में विस्तार से लगी खबर पर बड़ी कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** गंगा एक्सप्रेस वे के उद्घाटन समारोह में एक दिन पहले से सुरक्षा में संभल से थाना पुलिस व यातायात पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

इसी क्रम में यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी जय भगवान की गंगा एक्सप्रेस वे के एक पुआंट पर डियूटी लगाई गई थी, अचानक जवान की तबीयत खराब हो गई और बह पास के एचपी पैट्रोल पंप पर फ्रेश होने चला गया, वापस आने पर उसके फोन पर प्रभारी दुष्यंत वालियान का फोन आया कि आपकी रपट लिख वा दी गई है और अपनी आमद करालो पूछने पर बताया कि तुम डियूटी से नदारद थे तब उसने अपवीती सुनाई की मेरा पेट खराब हो गया मैं पास के पैट्रोल पंप पर फ्रेश होने गया तब प्रभारी का गुस्सा चर्म पर आ गया और वोले की मेरे तुम्हारी लैट्रीन का ठेका










ले रखा है। वातार्लाप का ओडियो वायरल होने और बुलन्द संदेश अखबार में विस्तार से खबर प्रकाशित होने पर जिले के तेजतर्रार आई पी एस कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामला संज्ञान में लेते हुए टीएस आई के साथ साथ तीन आरक्षी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया, उनकी इस कार्रवाई को लेकर जनता ने काफी प्रशंसा की है।

पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से यातायात प्रभारी दुष्यंत वालियान, आरक्षी जय भगवान,रवि कुमार और कुनाल को लाइन में भेज दिया।

**आरक्षी ने लगाये थे प्रभारी पर आरोप**

आरक्षी जय भगवान ने बताया की प्रभारी मिट्टी के डंपर चलवाते है और मेंने जब एक डंपर रोका तब यह नाराज हो गये और आज तक मुझे परेशान कर रहे है।

**सूत्रों के हवाले से**

अगर हम सूत्रों की मानें संभल चौधरी सराय में उमेश नाम का व्यक्ति हैं जो दिल्ली जाने वाली बसे,टैक्सी व डबल डेकर बसे और फिटनेस व टैक्स टूटी गाड़ियों को संचालित कराता था जिससे सरकार को टैक्स का भारी नुक्सान हो रहा है,वही सतीश जो रेलवे स्टेशन पर टेंपू ठेकेदार जो चंदोसी से संभल व बहजोई को जाने वाले टेंपू से अवैध उगाही करता है इसके साथ साथ आविद नाम का जो व्यक्ति हैं बह बहजोई से चंदोसी बबराला जाने वाले टेंपू से उगाही करता है, सूत्रों की मानें तो इनके तार यातायात प्रभारी से जुड़े बताये जा रहे हैं अगर गहनता से जांच की जाये तो सारा मामला साफ हो जाएगा और सच्चाई उजागर होगी।

# बरेली कॉलेज के अतिथि प्रवक्ता की सड़क हादसे में मौत, सहकर्मियों ने जताया शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** बरेली कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग में अतिथि प्रवक्ता रहे डॉ. मिन्नी यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा उनके गृह जनपद जौनपुर में हुआ, जहां डंपर से टक्कर के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुखद खबर मिलते ही बरेली कॉलेज परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रोफेसर, कर्मचारी, छात्रनेता और छात्र सभी गमगीन नजर आए।

जानकारी के अनुसार डॉ. मिन्नी यादव अपने भाई राजेंद्र यादव के साथ जौनपुर से लौट रहे थे। सुजानगंज थाना क्षेत्र के बाहरपुरकला गांव के पास उनकी कार की डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि 42 वर्षीय डॉ. मिन्नी यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। बरेली कॉलेज से ही पढ़ाई, यहीं बने शिक्षक डॉ. मिन्नी यादव मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले थे, लेकिन उनका बरेली से गहरा जुड़ाव था। उनके भाई बरेली में पीडब्ल्यूडी विभाग में तैनात थे, जिसके चलते उनका परिवार यहीं बस गया। उन्होंने बरेली कॉलेज से ही पढ़ाई की और छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इसी कॉलेज में अतिथि प्रवक्ता के रूप में पढ़ाने लगे थे। पूर्व छात्रसंघ महामंत्री डॉ. हृदेश



यादव ने बताया कि मिन्नी यादव छात्र राजनीति में बेहद सक्रिय रहे। वह किसी एक दल से नहीं, बल्कि छात्रों के नेता के रूप में जाने जाते थे। सक्रिय छात्र नेताओं की हर संभव मदद करना उनकी पहचान थी।

**सहकर्मियों ने जताया गहरा शोक**

राजनीति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. नीलम गुप्ता ने बताया कि दो दिन पहले ही उनसे बातचीत हुई थी और उनकी परीक्षा ड्यूटी भी लगी थी। अचानक आई इस खबर पर पहले तो किसी को यकीन ही नहीं हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजीव यादव समेत कॉलेज के कई शिक्षकों और छात्रों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. मिन्नी यादव की असमय मौत से बरेली कॉलेज का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया है। पुराने छात्र नेताओं से लेकर वर्तमान छात्रों तक हर कोई उन्हें याद कर भावुक हो रहा है। एक मिलनसार, मददगार और सक्रिय शिक्षक का यूं अचानक चले जाना पूरे कैंपस के लिए गहरा सदमा बन गया है।

# अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी को दी,भावभीनी विदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** गुरुवार 30 अप्रैल को पुलिस लाइन बहजोई में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), सम्भल मनोज कुमार रावत द्वारा सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही उन्हें शॉल एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। इस अवसर



पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी मनोज कुमार सिंह के सेवा काल के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई तथा उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में जनपद के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आई.टी.एस.डेंटल कॉलेज द्वारा मिनिमल कॉम्पेटेन्सी परीक्षा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज के पीडीऐट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा नाइट्रस ऑक्साइड-ऑक्सीजन इनहेलेशन सेडेशन पर मिनिमल कॉम्पेटेन्सी परीक्षा का आयोजन किया गया। आई.टी.एस.- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका।

इस परीक्षा हेतु डॉ. शिप्रा जैडका, प्रोफेसर एंड एच.ओ.डी., पीडीऐट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेन्टिस्ट्री विभाग, डी.जे. कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, मोदीनगर को आमंत्रित किया गया। डॉ. शिप्रा नाइट्रस ऑक्साइड-ऑक्सीजन इनहेलेशन सेडेशन (एन.ओ.आई.एस.) में पैन इंडिया ट्रेनर के रूप में भी विख्यात है। कार्यक्रम के दौरान डॉ.





शिप्रा ने एम.डी.एस.तृतीय वर्ष के उन विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया, जो अपनी आगामी एम.डी.एस. पाठ्यक्रम की परीक्षा देने वाले है। उन्होंने ह्यह्यनाइट्रस ऑक्साइड-ऑक्सीजन इनहेलेशन सेडेशनह्यह्य विषय पर विद्यार्थियों के सैद्धांतिक एवं क्लीनिकल ज्ञान का आकलन किया।संस्थान का पीडीऐट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग उत्तर भारत में इस प्रकार की योग्यता परीक्षाओं के आयोजन में सक्षम है, जो एम.डी.एस. विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होती है। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में सेडेशन के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से केस करने का आत्मविश्वास विकसित हुआ। संस्थान का उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं क्लीनिकल प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस आयोजन के लिये सभी ने आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का आभार व्यक्त किया।

# साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों का लोकार्पण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** साहित्यिक संस्था 'अमृतायन' के तत्वावधान में आज यू.पी. प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित साहित्य समागम में तीन साहित्यकारों की कृतियों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. राम सागर यादव, राम बहादुर मिश्र, डॉ. शिव भजन कमलेश और पं. आदित्य द्विवेदी ने नवगीतकार डॉ. अशोक अज्ञानी की कृति लौट आओ फिर परिन्दों (गीत - नवगीत संग्रह), वरिष्ठ साहित्यकार रामशंकर वर्मा की कृति कटे अँधेरी रात (दोहा संग्रह) तथा गीतकार पुष्पेन्द्र 'प्रेमी' की कृति तुम भी पत्थर हो जाओगे (गीत संग्रह) का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ने कटे अँधेरी रात दोहा कृति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज साहित्य के समक्ष नयी चुनौतियाँ है, जिन्हें




स्वीकार करना होगा। पुष्पेन्द्र प्रेमी के गीत संग्रह तुम भी पत्थर हो जाओगे को आधार बनाते हुए श्रेष्ठ साहित्यकार राम शंकर वर्मा ने कहा कि हिन्दी की गीत विधा अपने पूर्ण उत्कर्ष पर है, जिसे इस कृति में देखा जा सकता है। कवि डॉ. अशोक अज्ञानी के गीत नवगीत संग्रह लौट आओ फिर परिन्दों पर बोलते हुए शिव भजन कमलेश ने कहा कि 'अज्ञानी' जी के नवगीत राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। डॉ. राम सागर यादव ने अमृतायन संस्था के सकारात्मक कार्यों को रेखांकित किया। रामबहादुर मिश्र ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वर्तमान साहित्यिक परिदृश्य की सराहना की।

साहित्यिक समारोह के अगले क्रम में लोक गायिका डॉ. रंजना अग्रहरि ने अपनी खनकती हुई आवाज में तीनो कृतियों की चयनित तीन रचनाओं को सस्वर सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर केवल प्रसाद सत्यम, कुमार तरल, डॉ. अरविन्द झा, दिनेश तिवारी अचलेश सिंह, संदीप यादव सहित अन्य साहित्यकार और साहित्यसुधी श्रोता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि सूर्यप्रकाश सूरज तथा संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

# अकीदत के साथ मनाई गई सरकार गौस पाक की ग्यारहवीं, मुफ्ती अख्तर हुसैन उर्दू कॉलेज में हुई नियाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कोटा।** विज्ञान नगर स्थित नूरी मस्जिद चौराहा पर स्थित मुफ्ती अख्तर हुसैन उर्दू कॉलेज में सरकार गौस पाक की ग्यारहवीं बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नियाज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान दारुल कजा इदारा-ए-शरीया के मुफ्ती शमीम अशरफ ने खिताब करते हुए कहा कि पीरान-ए-पीर, रोशन जमीर हजरत सैय्यद अब्दुल कादिर जिलानी का मर्तबा तमाम औलिया में सबसे ऊंचा माना जाता है। उन्होंने बताया कि हजरत जिलानी एक सुन्नी हंबली इस्लामी विद्वान, प्रचारक, वक्ता, तपस्वी, न्यायविद और



धर्मशास्त्री थे। वे कादरी सिलसिले के संस्थापक माने जाते हैं। उन्होंने बगदाद में इस्लामी कानून की शिक्षा प्राप्त की और बाद में सूफीवाद की ओर अग्रसर हुए।

इस मौके पर शहर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम, मौलाना और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर नियाज में हिस्सा लिया और लंगर ग्रहण किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. कलीम अशरफ सिद्दीकी, मौलाना मुतिउर्रहमान, कारी सदिर हुसैन, मौलाना माहिरुल कादरी, कारी इरशाद, मुफ्ती शाहबाज मिस्बाही, सलीम इंजीनियर, मुन्ना भाई, हारून मंसूरी, शाहरुख रंगरेज और वकार अहमद सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। अंत में देश में अमन, सुकून और खुशहाली के लिए दुआएं की गईं।

# सफलता की नई इबारत: बतूल जहरा खान ने ISC 12वीं में 99% अंक लाकर रचा इतिहास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी की होनहार बेटी बतूल जहरा खान ने ISC (12वीं) की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरी मिल्लत और शहर का नाम भी गर्व से ऊंचा हुआ है।

**शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन**

बतूल जहरा की मेहनत उनके विषयवार अंकों में साफ झलकती है। उन्होंने कठिन परिश्रम के बल पर लगभग हर विषय में पूर्णता हासिल की है फिज़िकल एजुकेशन100/100 अंग्रेजीः 99/100, भूगोलः 99/100,इतिहासः 98/100

**विरासत और परवरिश का संगम**



बतूल जहरा खान, मौलाना मुजतबा अली खान अदीब-उल-हिंदी (मरहूम) की पोती और मौलाना मुस्तफा अली खान (शुमैल) की सुपुत्री हैं। अपनी प्रारंभिक से लेकर इंटरमीडिएट तक की शिक्षा उन्होंने एल.पी.एस (LPS), राजाजीपुरम से प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि को उनके दादा की विरासत और माता-पिता की बेहतरीन परवरिश का फल माना जा रहा है बतूल की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उनकी लगन और एकाग्रता ने साबित कर दिया कि सही दिशा में की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।" – स्थानीय शुभचिंतक

**बधाइयों का तांता**

जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, बतूल के निवास पर रिश्तेदारों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों का जमावड़ा लग गया। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत मुलाकातों तक, हर कोई उनकी असाधारण प्रतिभा और कड़ी मेहनत की सराहना कर रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थाओं ने भी उन्हें और उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण पल के लिए मुबारकबाद दी है।

# सुभारती विश्वविद्यालय में गूंजा 'सूचना साक्षरता' का मंत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा "इंफॉर्मेशन लिटरेसी इन द ऐज ऑफ मिस इंफॉर्मेशन एण्ड डिजिटल ओवरलोड" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्रोफेसर डॉ. एम. मधुसूदन ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में सूचना साक्षरता केवल एक कौशल नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जीवन-क्षमता बन चुकी है। इस तरह के शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों को डिजिटल युग की



चुनौतियों, जैसे कि सूचनाओं की अति और गलत जानकारी, का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। वही मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एम. मधुसूदन ने विस्तार से बताया कि आज के डिजिटल दौर में सूचनाओं का विस्फोट हो रहा है। ऐसे में सही और गलत जानकारी के बीच फर्क करना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा "सूचना साक्षरता का अर्थ केवल जानकारी पाना नहीं, बल्कि उसकी सत्यता की जाँच और सही मूल्यांकन करना है। सोशल मीडिया पर फैल रही 'फेक न्यूज' समाज के लिए गंभीर खतरा है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि लाइब्रेरी साइंस के विद्यार्थियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वे समाज के लिए सूचना के 'संरक्षक' और 'मार्गदर्शक' के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने विभिन्न डिजिटल टूल्स और तकनीकों के माध्यम से सूचनाओं के सत्यापन के व्यावहारिक तरीके भी साझा किए।

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विषय से संबंधित जिज्ञासाएं व्यक्त कीं, जिनका डॉ. मधुसूदन ने बड़ी आत्मीयता से समाधान किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सपना शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. जावेद खान, डॉ. अल्पना, श्रीमती भावना जोशी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने इस सत्र को ज्ञानवर्धक और वर्तमान समय के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया।

## आजाद अधिकार सेना की शिकायत पर संज्ञान NHRC का बुलंदशहर पुलिस पर एक्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आजाद अधिकार सेना की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने जनपद बुलंदशहर में पुलिसकर्मियों द्वारा कथित दुर्व्यवहार और मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में गंभीर संज्ञान लिया है। यह मामला 13 नवंबर 2025 का बताया जा रहा है, जब मेरठ रेंज के तत्कालीन DIG कलानिधि नैथानी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान यह घटनाएं सामने आई थीं। शिकायत आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा द्वारा दर्ज कराई गई थी। आयोग ने बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

**लगाए गए प्रमुख आरोपः**

DIG के दौरे से पहले फरियादियों को थाने से जबरन बाहर निकाला गया। एक महिला पीड़िता को कथित रूप से जबरन वाहन में बैठाकर ले जाया गया। एक महिला अधिवक्ता को DIG से मिलने से रोका गया। गैंगरेप पीड़िता को थाने के बाहर अवरोध तोड़कर DIG तक पहुंचना पड़ा। खुर्जा कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक पंकज राय सहित संबंधित पुलिसकर्मियों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आजाद अधिकार सेना ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे पुलिस तंत्र में व्याप्त पीड़ित-विरोधी मानसिकता का गंभीर उदाहरण बताया है। देवेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि जब पीड़ितों को थाने में न्याय मिलने के बजाय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो यह कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों दोनों पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने NHRC के त्वरित संज्ञान का स्वागत करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# अनियमित विद्युत कटौती पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा, अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** नगर में लगातार हो रही अनियमित विद्युत कटौती से परेशान व्यापारियों ने गुरुवार को

**जल्द समाधान का आश्वासन, सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के बैनर तले विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। विभागीय अधिकारियों ने जल्द आपूर्ति व्यवस्था सामान्य करने का आश्वासन दिया।

व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले कई दिनों से नगर में दिन-रात बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी के बीच आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही छोटे एवं बड़े व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना था कि लगातार बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति से बाजार की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और उपभोक्ताओं में भी नाराजगी बढ़ रही है।



ज्ञापन प्राप्त करने के बाद अधिशासी अभियंता ने कहा कि समस्या विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने बताया कि बुधवार को आए आंधी-तूफान के कारण पेड़ों के गिरने और लाइनों में आई तकनीकी खराबियों से आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके अलावा बिल भुगतान न होने पर कनेक्शन डिस्कनेक्शन की प्रक्रिया के दौरान भी कुछ स्थानों पर कटौती करनी पड़ी। उन्होंने आश्वस्त किया कि अब विद्युत कटौती के लिए समय-सीमा निर्धारित की जाएगी। यदि दिन में किसी कारणवश एक से डेढ़ घंटे लाइन पर शटडाउन रहेगा तो सुबह 5:00 बजे से 6:30 बजे तक होने वाली रोस्टिंग कटौती नहीं की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो से तीन दिनों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष सन्नी सिंघल, महामंत्री रचित वार्ष्णेय एवं उपाध्यक्ष अंशुल वार्ष्णेय ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी अनशन पर बैठकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अरुण कुमार बाटा वाले, राकेश अग्रवाल, राकेश वार्ष्णेय, विकास गर्ग, भोला सरार्फा, जितिन साहनी, लकी अग्रवाल, रवि वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, गोपाल कोहली समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## चोरी करने घर में घुसे एक बदमाश को बुजुर्ग महिला ने कमरे में किया बन्द, दूसरा हुआ फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** चोरी करने घर में घुसे एक बदमाश को बुजुर्ग महिला ने हिम्मत दिखाते हुए कमरे में बंद कर दिया, जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पुलिस बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। नगर की शीतलपुरी कॉलोनी में अभिषेक परिवार सहित रहते हैं। रात के समय परिवार के सभी लोग अपने अपने कमरे में सो रहे थे। गुरुवार सुबह करीब तीन बजे अभिषेक की मां वीरो देवी पानी पीने के लिए उठी तो उन्होने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। जब वह उक्त कमरे में गई और लाइट जलाने का प्रयास किया तो अचानक उन पर बदमाश ने हमला कर दिया। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश को कमरे के अन्दर धक्का दे दिया और दरवाजा बाहर से बन्द करके शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इसके बाद उन्होने बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया। एसीपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए बदमाश से पूछताछ की जा रही है। फरार साथी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

**अवैध प्लाटिंग** — बिना अनुमति हो रही थी प्लॉटिंग, भू-माफियाओं के मंसूबों पर प्रशासन ने फेरा पानी।

# सरधना में अवैध प्लाटिंग पर गरजा एमडीए का बुलडोजर,मिनटों में जमींदोज हुई अवैध प्लाटिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** तहसील रोड पर गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) की टीम अचानक भारी पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करने पहुंच गई।कुछ ही देर में बुलडोजर गरजने लगे और देखते ही देखते

**तहसील रोड पर एमडीए की बड़ी कार्रवाई, सड़कें उखाड़ीं-दीवारें ढहाईं; खरीदारों में मचा हड़कंप**

पूरी कॉलोनी का नक्शा बदल गया।

जेसीबी मशीनों ने पहले कॉलोनी की बनी सड़कों को उखाड़ना शुरू किया, फिर एक-एक कर प्लॉटों की चारदीवारियां गिरा दी गईं। कार्रवाई इतनी तेज और सख्त थी कि मौके पर मौजूद लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। कई लोग अपने प्लॉट और सामान को बचाने के लिए भागदौड़ करते नजर आए, लेकिन प्रशासन के आगे किसी की नहीं चली।बताया जा रहा है कि यह कॉलोनी बिना स्वीकृत नक्शे और आवश्यक अनुमति के विकसित की जा रही थी। एमडीए द्वारा पहले भी नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन नियमों की अनदेखी जारी रही। आखिरकार प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई कर दी।कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते किसी तरह का विरोध सामने नहीं आ सका। आसपास के लोग दूर खड़े होकर इस कार्रवाई को देखते रहे, जबकि कॉलोनी में निवेश करने वाले लोगों के चेहरे पर चिंता साफ झलक रही थी।इस कार्रवाई के बाद सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हुई, जिन्होंने बिना






पूरी जानकारी के यहां प्लॉट खरीद लिए थे। अब उन्हें अपने पैसे डूबने का डर सता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध कॉलोनियों का यह खेल लंबे समय से चल रहा था, लेकिन इस बार प्रशासन ने कड़ा कदम उठाकर स्पष्ट संदेश दे दिया है।एमडीए अधिकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जिले में कहीं भी अवैध कॉलोनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना नक्शा पास और वैध अनुमति के निर्माण करने वालों पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी कानूनी स्थिति की पूरी जांच जरूर कर लें, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।अब साफ है–सरधना में अवैध निर्माण पर प्रशासन का शिकंजा कस चुका है और नियमों से खिलवाड़ करने वालों पर बुलडोजर कभी भी चल सकता है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनाः ब्लाक और निकायों में लगेंगे कैंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से ऋण उपलब्ध कराने के लिए ब्लाक और निकायों में कैंप लगेंगे। उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य कौशल प्राप्त युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए योजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना में ऐसे शिक्षित अभ्यर्थी जिनको विभिन्न संस्थानो व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, राजकीय/निजी इंजीनियरिंग कालेज, राजकीय तथा निजी नर्सिंग कालेज, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक कोर्स, स्टार्टअप, उद्यमिता विकास संस्थान, यूपीकॉन से प्रशिक्षण प्रदान किया गया हो, योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के लिए 21 वर्ष से 40 वर्ष के युवाओं (न्यूनतम कक्षा 8 उत्तीर्ण) को उद्यम स्थापित करने को अधिकतम पांच लाख तक के ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




चार मई से संयुक्त समिति करेगी विद्यालय वार जांच

# मुरादाबाद में "स्कूल कॉलेज में नाबालिक छात्राओं के स्कूटी व अन्य बाइक चलाकर" लाने पर प्रतिबंध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। स्कूल-कॉलेजों में नाबालिग छात्र -छात्राओं के स्कूटी व अन्य बाइक चलाकर लाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने जिले के समस्त माध्यमिक राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन, सीबीएसई एवं आईसीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठक की है । डीआईओएस ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राओं को बिना ड्राइविंग लाइसेंस दोपहिया वाहन से विद्यालय आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले विद्यार्थियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी। बताया कि दो मई तक सभी विद्यालयों में अभिभावक बैठकें की जाएंगी। जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद चार मई से विद्यालय वार संयुक्त समितियों द्वारा जांच अभियान चलाया जाएगा। जांच के दौरान यदि कोई छात्र-छात्रा बिना लाइसेंस या सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए दोपहिया वाहन चलाते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# लाखों शिक्षकों को "कैशलेस चिकित्सा सुविधा" का शीघ्र मिलेगा लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के लाखों शिक्षकों व उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने की कवायद शुरू हो गई है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए साचीज के सहयोग से पोर्टल बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इसे लाइव किया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने का निर्णय योगी सरकार ने जनवरी में लिया था। इसके बाद इसकी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। इस क्रम में विभाग की ओर से साचीज को शिक्षकों का डाटा उपलब्ध कराते हुए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इसमें शिक्षकों की जानकारी तो मानव संपदा पोर्टल से अपडेट हो जाएगी। किंतु उनको अपने आश्रितों की जानकारी खुद भरनी होगी। उम्मीद की जा रही है कि अगले महीने इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

# आलिश्बा आजम बनीं "अंडर 9 शतरंज में स्टेट " चैंपियन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद की आलिश्बा आजम ने अंडर- 9 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी मुकाबले जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया है।सीतापुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 28 व 29 अप्रैल को आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में आलिश्बा ने आगरा की चहक गुप्ता को हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूनामेंट में उन्होंने सधा हुआ और आत्मविश्वास भरा खेल दिखाया। प्रतियोगिता के आधार पर शीर्ष दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय अंडर-9 शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है। आलिश्बा अब उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला शतरंज स्पोट्र्स एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रकांत सरन, उपाध्यक्ष कंवल प्रीत खुराना, सचिव प्रमोद बिष्ट, उपसचिव वीरेंद्र सिंह मनराल ने इसे गर्व का पल बताया। पिता आजम यूसुफ ने बताया कि आलिश्बा राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गई हैं।



# मोबाइल "एप पर देख सकेंगे मुरादाबाद जिले की" पारंपरिक धरोहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले की पारंपरिक धरोहर अब अलमारियों से निकलकर मोबाइल एप पर दिखेंगी। एक क्लिक पर घर बैठे लोग पुरानी हस्तलिखित पुस्तकों और लिपियों की जानकारी ले सकेंगे। ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को इस बार डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।इस कार्य को जिले के 15 शिक्षक, प्राचार्य और समाजसेवी मिलकर करेंगे। ये सभी जिले के मंदिरों, मठों, आश्रमों, पुस्तकालयों और निजी संग्रह केंद्रों तक पहुंचकर वहां सुरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों की जानकारी जुटाएंगे। खास बात यह कि सर्वेक्षण के दौरान हर जानकारी को एप पर अपलोड किया जाएगा, जिससे डेटा सुरक्षित और पारदर्शी रहेगा। इसकी मानिटरिंग कार्यक्रम कोआर्डिनेटर बबीता मेहरोत्रा कर रहीं हैं। मुरादाबाद साहित्यिक शोधालय के संस्थापक मनोज रस्तोगी ने कहा अब तक 14 पांडुलिपियां संरक्षित की जा चुकी हैं। जिनमें उर्दू साहित्यक शोध केंद्र की भी पांडुलिपि संरक्षित की जा चुकी है।

# कांठ सहित जनपद के "11 सरकारी अस्पतालों पर निशुल्क होगी लिवर-किडनी" की जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** खून से संबंधित बड़ी जांचें अब मुरादाबाद में मंडल स्तरीय जिला अस्पताल के अलावा आठ सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों) व इसके समक्ष दो अन्य अस्पतालों में भी अब संभव होंगी। इन अस्पतालों में बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर स्थापित किए गए हैं। जिसके माध्यम से लिवर, किडनी फंक्शन समेत खून की बड़ी जांचें अस्पतालों में मरीजों को निशुल्क उपलब्ध हो जाएंगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में खून आदि जांचों के साथ ही चिकित्सा सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। जो लोग चिकित्सा सुविधाओं पर अधिक पैसा खर्च करने में अक्षम हैं उन्हें स्टेटस सिंबल की परवाह नहीं करके सरकारी अस्पतालों में ही जाना चाहिए।आठ सीएचसी समेत 11 अस्पतालों पर बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर स्थापित किए गए हैं'बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर से मुख्य रूप से रक्त, सीरम, प्लाज्मा और मूत्र के नमूनों में चयापचय, इलेक्ट्रोलाइट्स, एंजाइम और विशिष्ट प्रोटीनों की जांच की जाती है। यह लीवर, किडनी, हृदय स्वास्थ्य और मधुमेह से संबंधित बीमारियों के निदान के लिए महत्वपूर्ण है। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटेशियम, क्लोराइड, कैल्शियम, मैग्नीशियम की जांच करता है।




# 9 मई को प्रस्तावित "राष्ट्रीय लोक अदालत" को सफल बनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 9 मई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को ओर से बुलाई न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। प्राधिकरण सचिव तपस्या त्रिपाठी ने अदालत के जरिए ज्यादा से ज्यादा लंबित मामलों को निपटाने को कहा।उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला जज सैय्यद माऊज बिन आसिम के दिशा-निर्देश पर लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एडीजे लोक अदालत के नोडल अधिकारी घनेन्द्र कुमार ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि वे अपने अदालतों में लंबित शमनीय वादों के पक्षकारों को सूचित कर लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करें। कहा कि लोक अदालत से त्वरित, सुलभ न्याय से आम लोगों को राहत मिलती है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से अपेक्षा की कि सर्वाधिक मामले लोक अदालत में भेजें। जिससे लंबित वादों का तुरंत निस्तारण हो सकें।प्राधिकरण सचिव तपस्या त्रिपाठी ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। कहा कि आपसी सुलह समझौते के आधार पर लंबित मामलों को निस्तारण कराना मुख्य उद्देश्य है।

# बैंक प्राकृतिक "आपदा में कर्जदारों को खुद दे सकेंगे राहत" नए नियम 1 जुलाई 2026 से लागू होंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आरबीआई ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत उपायों में संशोधित दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा, बैंक अब उधारकताओं के अनुरोध का इंतजार किए बिना ही उन्हें राहत दे सकेंगे। नए नियम एक जुलाई, 2026 से लागू होंगे।

केंद्रीय बैंक ने नए निर्देश में कहा, कर्जदाताओं को सभी पात्र उधारकताओं को अपने स्तर पर ही राहत देने की अनुमति होगी। हालांकि, ग्राहक चाहें तो प्राकृतिक आपदा घोषित होने के 135 दिनों के भीतर इससे बाहर निकल सकते हैं। नए नियम वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों, एनबीएफसी, लघु वित्त बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होंगे। बैंक अधिकारियों ने गुरुवार को "बुलंद संदेश" को बताया कि नए नियमों के तहत, आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बैंक अस्थायी परिसरों से शाखाएं चला सकेंगे। सैटेलाइट ऑफिस, एक्सटेंशन काउंटर या मोबाइल बैंकिंग के जरिये सेवाएं बहाल कर सकेंगे। आरबीआई ने कहा, बैंक अपने विवेक से एक वर्ष तक शुल्क और अन्य मदों में छूट या कटौती कर सकते हैं। राहत सिर्फ उन खातों को मिलेगी, जो स्टैंडर्ड श्रेणी में हैं और आपदा के समय 30 दिन से अधिक बकाया में नहीं थे। बैंकों को ऐसे खातों पर बकाया कर्ज का अतिरिक्त पांच फीसदी प्रावधान करना होगा।

# एसकेडी एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, आईसीएसई-आईएससी में 100 प्रतिशत परिणाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (सज्जाद बाकर)।** स्थित एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने आईसीएसई एवं आईएससी परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है। इस वर्ष भी दोनों परीक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।

आईएससी परीक्षा में सुहानी साख्या ने 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर सातवां स्थान हासिल किया। उन्होंने साथ ही जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए भी सफलता प्राप्त की है। निष्कर्ष त्रिपाठी ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ अखिल भारतीय स्तर पर आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

वहीं आईसीएसई परीक्षा में सूर्यांश अवस्थी ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल कर अखिल भारतीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। दीपांजलि दीक्षित ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इन सभी मेधावी छात्रों को जुलाई माह में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों द्वारा उपलब्ध कराए गए नोट्स, असाइनमेंट और टेस्ट सीरीज उनकी सफलता में अत्यंत सहायक रहे।

एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं।

विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष एसकेडी सिंह, उप-निदेशिका निशा सिंह, सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) कुसुम बत्रा एवं प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# टांडा पुलिस पर बंधक बनाकर रखने एवं प्रताड़ित करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा (रामपुर) ।** अकारण गाली-गलौज कर मारपीट करने व घसीटते हुए वाहन में बिठाकर थाना कोतवाली टांडा परिसर ले जाकर मोबाइल छीनकर जब्त कर प्रताड़ित करने का आरोप पुलिस पर लगाते हुए उत्तराखंड के जिला उधमसिंहनगर के माजरा, बाजपुर निवासी सुनील शर्मा पुत्र सुन्दर लाल शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधीक्षक रामपुर को शिकायत पत्र प्रेषित कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है !

- मुख्यमंत्री सहित पुलिस के आला अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने की लगाई गुहार
- पुलिस से बताया जान-माल का खतरा, गुनहगार था तो पुलिस ने छोडा क्यों

पीडित सुनिल शर्मा ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस के आला अधिकारियों को अवगत कराया है कि गत 27 अप्रैल को अपने निजी कार्य से थाना टांडा के अंतर्गत ग्राम बादली स्थित एच पी पैट्रोल पंप के आफिस में अपने मित्र से मिलने के लिए बैठा था, अचानक लगभग 3.30 पीएम पर थाना टांडा पुलिस के 3 दरोगा व 4 सिपाही सादा लिबास में निजी 2 वाहनों से पहुंचे और आफिस में घुसकर अकारण गाली-गलौज करने लगे, विरोध किया तो मारपीट कर घसीटते हुए वाहन में जबरदस्ती डालकर थाना टांडा परिसर ले आए जहां थाना कोतवाली प्रभारी ने मोबाइल छीन लिया और कान पर थप्पड मारकर प्रताड़ित किया जिससे सुनने की क्षमता भी प्रभावित हुई है ! पीडित सुनिल शर्मा ने अपने शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि 27 अप्रैल से 29 अप्रैल की रात्री तक उसे बंधक बनाकर रखा गया ! सूत्रों से मिली जानकारी को सही मानें तो पीड़ित के खिलाफ थाना टांडा में कोई किसी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं था तो सवाल तो बनता है कि ऐसा कारण क्या रहा जो पीड़ित के साथ पुलिस ने ऐसा कदम उठाया पीडित सुनिल शर्मा के मुताबिक उक्त घटित घटना की जानकारी मिलने पर कुछ गणमान्य व्यक्तिय थाना परिसर पहुंचे और उन्हीं के आग्रह पर पुलिस ने उसे थाने से बाहर जाने दिया ! पीडित के अनुसार पुलिस की कार्यशैली से उसे सामाजिक, आर्थिक और मानसिक आघात पहुंचा है और तनाव में रहने के साथ साथ जान-माल के खतरा की आशंका से भयभीत हैं ।


पीडित सुनिल शर्मा

अब सवाल उठता है कि आखिर टांडा पुलिस द्वारा पीडित को गिरफ्त में लेकर थाने में बंधक बनाकर प्रताड़ित किया तो क्यों, क्या उसके खिलाफ कोई मुकदमा थाने में दर्ज था और यदि था तो पीडित को बिना कार्यवाही किए छोडा क्यों? पूरे घटनाक्रम में खेला तो प्रतीत होता ही है !

# एसएसपी मुरादाबाद ने दिया था आदेश : वेतन में कटौती कर "पेंशन निर्धारण संबंधी आदेश पर हाई कोर्ट" की रोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विभाग द्वारा निर्धारित गलत वेतन पुनर्निर्धारित कर दारोगा के सेवानिवृत्ति परिलाभों व पेंशन से कटौती करने संबंधी एसएसपी मुरादाबाद के आदेश पर रोक लगा दी है और सेवाकाल में पुराने वेतनमान के आधार पर पेंशन तथा अन्य सेवा जनित परिलाभ का भुगतान करने का निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकार से याचिका पर जवाब मांगा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने राजेश कुमार शुक्ल की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याची की तरफ से अधिवक्ता इरफान अहमद मलिक ने बहस की। इनका कहना था कि याची 1984 में पुलिस कांस्टेबल नियुक्त हुआ, इसके बाद हेड कांस्टेबल व पुलिस उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। वह दो नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त हुआ।

उसे अंतिम वेतन 66 हजार रुपये मिले थे लेकिन पेंशन व अन्य परिलाभ का भुगतान 62,200 रुपये वेतन पर किया जा रहा है, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि लंबे अंतराल के बाद सेवानिवृत्त कर्मी के परिलाभों से विभाग की गलती से अधिक वेतन में कटौती कर पेंशन आदि का निर्धारण नहीं किया जा सकता। इसलिए एसएसपी का वेतन में कटौती आदेश रद किया जाए। ऐसे ही एक मामले में हाई कोर्ट ने कटौती आदेश पर रोक लगा रखी है। कोर्ट ने दोनों याचिकाओं की एक साथ सुनवाई का आदेश दिया है।

# एएम पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता के विजेताओं को स्टार स्टूडेंट अवार्ड से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद ।** जनपद से सटे रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहाड़ा प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर "स्टार स्टूडेंट अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है। स्पधाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बच्चों में बढ़ती स्पर्धा और प्रतियोगिता के प्रति जागरूकता बनाए रखने हेतु समय समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रहनी चाहिए। पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने सभी सफल बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक एवं पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर "स्टार स्टूडेंट अवॉर्ड" से सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,सुखविंदर कौर,मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी, ईशा परवीन, इंशा परवीन, एमन परवीन, सिमरन बारी,आरती सैनी,समीना परवीन, पूजा,इकरार अहमद, कशिश, नीतू,शिवानी एवं आदि सम्मिलित रहे। संचालन शिवानी ने किया।





गंगा एक्सप्रेसवे


प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित किया गंगा एक्सप्रेसवे

# बदायूं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा गंगा एक्सप्रेसवे : केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी ने बुधवार को जनपद हरदोई में आयोजित कार्यक्रम में मेरठ से प्रयागराज तक बनाए गए गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ , प्रदेश सरकार के विभिन्न मंत्री, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे। वहीं जनपद बदायूं के घटपुरी बिनावर इंटरचेंज के समीप आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बदायूं के विकास में गंगा एक्सप्रेसवे मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान जनपद हरदोई में माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों व आमजन ने देखा। उल्लेखनीय है कि गंगा एक्सप्रेसवे का माननीय प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में शिलान्यास किया था और एक्सप्रेसवे को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया है और बुधवार को मा0 प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण कर एक्सप्रेसवे को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रदेश के जनपद मेरठ से प्रारंभ होकर प्रयागराज तक कुल 12 जनपदों से गुजरने वाले 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 36230 करोड रुपए है।





बदायूं में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से जितने विकास कार्य 60 सालों में नहीं हुई, उससे ज्यादा विकास कार्य डबल इंजन की सरकार में हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में विभिन्न एक्सप्रेसवे, फ्लाओवर अन्य विकास कार्य हुए है जिसका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पहले मा0 प्रधानमंत्री ने 2 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा था। वर्तमान में दो करोड़ 70 लाख दीदीया लखपति हैं, अब प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की 6 करोड़ दीदीओ को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है, जिस पर कार्य किया जा रहा है।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से लखनऊ व दिल्ली की दूरी कम हुई है, अब कम समय में वहां पहुंचा जा सकेगा। उनका की गंगा एक्सप्रेसवे बन जाने से पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिम उत्तर प्रदेश की बीच की दूरी कम हुई है, इससे व्यापार बढ़ेगा, रोजगार सृजन होगा, किसानों को लाभ होगा व आमजन को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जो कहती है वह पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे है।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने गंगा एक्सप्रेसवे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे जनपद मेरठ के ग्राम विजौली से प्रारम्भ होकर जनपद प्रयागराज के ग्राम जुडापुर दादू तक निकल रहा है. जिसकी प्रस्तावित लम्बाई लगभग 594 किमी0 है। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के 12 जनपदों में आच्छादित ग्रामों की संख्या 518 है। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के 12 जनपदों में 21 इण्टरचेंज है। उन्होंने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना से आच्छादित जनपद मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहाँपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# बेहद ग्लैमरस हैं सनी देओल की ऑन-स्क्रीन बहू, बिकनी में सिमरत कौर ढाती हैं कहर

सिमरत कौर ने फिल्म गदर 2 से खूब सुर्खियां बटोरी. फिल्म में उन्होंने सनी देओल की बहू का रोल प्ले किया था. फिल्म में सिमरत ने सादगी भरें अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया था. वहीं रियल लाइफ में वो बेहद ही ग्लैमरस हैं. हाल ही में उन्होंने बिकनी में अपनी कई फोटोज शेयर की हैं। सिमरत कौर ने इंस्टाग्राम पर अपनी ये फोटोज शेयर कर सभी का ध्यान खींच लिया है. सिमरत ने मल्टीकलर प्रिंटेड बिकिनी टॉप और स्कर्ट पहना है. जिसमें वो काफी स्टाइलिश दिख रही हैं. फोटोज में सिमरत बीच पर कॉन्फिडेंट अंदाज में नजर आ रही हैं. उन्होंने कई पोज दिए हैं. एक फोटो में एक्ट्रेस सन किस्ड लेती नजर आ रही हैं. उनके चेहर पर ग्लो भी साफ नजर आ रहा है. वहीं दूसरी में वो कॉन्फिडेंट अंदाज में सेल्फी लेती दिखीं. नो मेकअप लुक में एक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही हैं. उनकी इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. फैंस इन्हें खूब पसंद कर रहे हैं. बता दें, सिमरत सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला की 11वें दिन भी नहीं रुकी कमाई, किया धमाकेदार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

भूत बंगला बॉक्स ऑफिस पर कब्जा बनाए हुए है. फिल्म ने 10 दिनों में ही कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और 11वें दिन भी फिल्म ने धमाल काम किया है. फिल्म पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के कलेक्शन पर.

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 8755 शोज मिले और 11 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के 11वें दिन के कलेशन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने 11वें दिन 3.65 करोड़ का कलेक्शन किया तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है. फिल्म ने टोटल ग्रॉस कलेक्शन 139.25 करोड़ कर लिया है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म ने 18875 करोड़ कमा लिए हैं। भूत बंगला ने 11वें दिन ओवरसीज मार्केट में 1.50 करोड़ का कलेक्शन किया. ओवरसीज मार्केट में टोटल फिल्म ने 49.50 करोड़ कमाए। मालूम हो कि फिल्म 120 करोड़ के बजट में बनी है. फिल्म का टोटल कलेक्शन 117.05 करोड़ हो गया है तो फिल्म जिस हिसाब से कमा रही है मंगलवार को बजट पूरा वसूल लेगी। मालूम हो कि फिल्म ने पेड प्रिव्यूज में 3.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं 12.25 करोड़ की शानदार ओपनिंग की. अक्षय की इस फिल्म ने दूसरे दिन 19 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन फिल्म को रविवार का फायदा मिला और फिल्म ने 23 करोड़ कमाए. चौथे दिन फिल्म ने 6.75 करोड़ कमाए. पांचवें दिन फिल्म ने 8 करोड़ कमाए. छठे दिन 6.15 करोड़, सातवें दिन 5.50 करोड़, आठवें दिन 5.75 करोड़, नौवें दिन 10.75 करोड़, दसवें दिन 12.50 करोड़ कमाए। भूत बंगला को भूल भुलैया, हेरा फेरी जैसी फिल्में बनाने वाले प्रियदर्शन ने बनाया है. प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ को फैंस बहुत पसंद करते हैं. उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाती हैं. भूत बंगला ने भी धमाल मचा दिया है. फिल्म में अक्षय के अलावा तबु, वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे स्टार्स हैं।



# कपिल शर्मा एयर नीतू कपूर की फिल्म दादी की शादी का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म दादी की शादी का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसमें कॉमेडियन कपिल शर्मा भी अहम किरदार में नजर आए हैं। निर्देशन आशीष आर. मोहन ने किया है, जो पहले खिलाड़ी 786 जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण आर-टेक स्टूडियोज, बीइंग-यू स्टूडियोज, शिमला टॉकीज के बैनर तले किया गया है।

ट्रेलर दिग्गज अभिनेत्री के इर्द-गिर्द घूमता है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक दादी उम्र की सीमाओं को तोड़ते हुए दोबारा शादी करने का फैसला लेती है, क्योंकि उसे विधवा होकर नहीं, बल्कि सुहागन बनकर दुनिया से जाना है। इस फैसले का परिवार पर क्या-क्या असर पड़ता है, यही फिल्म दिखाती है। नीतू और ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी भी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# हुमा कुरैशी का अप्रैल महीना कैसा बीता, एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर किया शेयर

अप्रैल महीना समाप्त होने वाला है। ऐसे में अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बीते महीने की एक झलक पेश की है। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अप्रैल के महीने के बचे हुए सामान को साझा करते हुए स्वीकार किया कि उन्हें लगता है कि अप्रैल का महीना बहुत जल्दी बीत गया।

उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह महीना... बहुत तेजी से बीत रहा है... अप्रैल अभी खत्म भी नहीं हुआ है। एल्बम की पहली तस्वीर में हुमा अपने बिस्तर पर लेटी हुई थीं। इसके बाद गैंग्स ऑफ वासेपुर की



अभिनेत्री की एक और शानदार तस्वीर थी, जिसमें वह मिरर सेल्फी में बेहद आकर्षक लग रही थीं। कैफे में आराम करने से लेकर सड़क पर खुशी-खुशी अपनी कॉफी का आनंद लेने तक और खरीदारी करने तक, अप्रैल का महीना हुमा के लिए गतिविधियों से भरा हुआ था।इस पोस्ट में हुमा द्वारा पसंद किए गए सभी स्वादिष्ट व्यंजनों की झलक भी मिलती है, जिनमें एक संतुलित देसी थाली, वड़ा पाव और बर्गर शामिल हैं।जॉली एलएलबी 2 की अभिनेत्री ने अपने प्यारे पालतू जानवर की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।काम की बात करें तो हुमा कुरैशी यश अभिनीत फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की रिलीज के लिए तैयार हो रही हैं, जिसमें वह एलिजाबेथ की भूमिका निभाएंगी।इससे पहले फिल्म निमार्ता गीतु मोहनदास ने खुलासा किया था कि एलिजाबेथ की भूमिका निभाने के लिए एक उच्च क्षमता और करिश्माई स्क्रीन प्रेजेंस वाले अभिनेता की आवश्यकता थी, जो गुण उन्हें हुमा में मिले।

मोहनदास ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग शायद सबसे मुश्किल काम था। इस किरदार के लिए एक ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जिसमें जबरदस्त प्रतिभा और दमदार व्यक्तित्व हो। जिस पल हुमा मेरे सामने आई, मैंने महसूस किया कि उनमें कुछ दुर्लभ गुण मौजूद हैं।

निर्देशक ने आगे कहा कि हुमा में एक सहज परिष्कार और तीव्रता थी, जिसने एलिजाबेथ के चरित्र को तुरंत जीवंत कर दिया। मोहनदास ने आगे कहा, हुमा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो किसी भूमिका की कलात्मक व्याख्या पर सवाल उठाती हैं, उसकी पड़ताल करती हैं और उसे चुनौती देती हैं, और यह संवाद हमारी रचनात्मक यात्रा का एक अभिन्न अंग बन गया। उन्हें हमेशा से प्रतिभा का धनी माना जाता रहा है, लेकिन यह प्रदर्शन सिनेमा पर एक निर्विवाद, प्रभावशाली नई उपस्थिति के आगमन का निर्णायक मोड़ साबित होगा।

# कामकाजी महिलाएं गर्मियों के दौरान इन 5 ब्यूटी टिप्स को अपनाएं, लगेंगी खूबसूरत

गर्मियों में कामकाजी महिलाओं के लिए मेकअप और त्वचा की देखभाल को संभालना मुश्किल हो सकता है। इस मौसम में पसीना और उमस त्वचा को चिपचिपा बना देती है, जिससे मेकअप भी खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और असरदार ब्यूटी टिप्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप गर्मियों में भी ताजगी और खूबसूरती के साथ ऑफिस जा सकती हैं और खुद को तरोताजा महसूस कर सकती हैं।



**नियमित रूप से त्वचा को साफ करें**

गर्मियों में त्वचा पर मृत कोशिकाएं और गंदगी जमा हो जाती है, जिससे त्वचा बेजान और थकी-थकी सी लगती है। इससे छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से त्वचा की सफाई करना जरूरी है। हफ्ते में 2-3 बार हल्के हाथों से स्क्रब करें, ताकि मृत त्वचा हट जाए और त्वचा को नई ऊर्जा मिले। इससे आपकी त्वचा साफ और ताजगी भरी महसूस होगी और मेकअप भी लंबे समय तक टिकेगा।

**हल्की क्रीम लगाएं**

गर्मियों में भारी क्रीम का इस्तेमाल करने से त्वचा चिपचिपी लग सकती है, जिससे बचने के लिए हल्की जेल आधारित क्रीम लगाएं। यह त्वचा को नमी प्रदान करेगी और चिपचिपाहट भी नहीं होगी। जेल आधारित क्रीम जल्दी अवशोषित हो जाती है और त्वचा को ताजगी भरी महसूस कराती है। इसके अलावा यह पसीने को भी कम करती है और त्वचा को ठंडक देती है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करेंगी।

**धूप से बचाव वाली क्रीम इस्तेमाल करें**

चाहे बादल हों या धूप, रोजाना धूप से बचाव की क्रीम लगाना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह आपकी त्वचा को हानिकारक किरणों से बचाती है। इसे लगाने से पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह साफ करें और फिर अपने चेहरे, गर्दन और हाथों पर अच्छी तरह लगाएं। इसे हर 2-3 घंटे के बाद दोबारा लगाएं, खासकर अगर आप बाहर हैं तो। इससे आपकी त्वचा सुरक्षित रहेगी और झुलसने का खतरा कम होगा।

**हल्के रंगों की लिपस्टिक का चयन करें**


गर्मियों में भारी और गहरे रंग की लिपस्टिक लगाने से होंठ चिपचिपे लग सकते हैं। इसलिए, गुलाबी, पीच या न्यूड जैसे हल्के रंग चुनें। ये रंग न केवल आपको ताजगी भरी लुक देंगे, बल्कि पूरे दिन आरामदायक भी महसूस होगा। इसके अलावा हल्के रंग की लिपस्टिक आपके चेहरे पर एक प्राकृतिक चमक भी लाएगी और आपको हर समय खूबसूरत महसूस करवाएगी। इस तरह आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और आरामदायक दिख सकती हैं।

**बालों का साधारण स्टाइल अपनाएं**

गर्मियों में बालों को संभालना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्हें साधारण रखें। पोनीटेल, जूड़ा या फिर चोटी जैसे हेयरस्टाइल आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्टाइलिश दिखते हैं, बल्कि पसीने से भी बालों की सुरक्षा करते हैं और उन्हें उलझने से बचाते हैं। इन ब्यूटी टिप्स को अपनाकर आप गर्मियों में भी ताजगी और खूबसूरती के साथ ऑफिस जा सकती हैं और खुद को तरोताजा महसूस कर सकती हैं।

# वजन घटाने के लिए डाइट में शामिल करें ये भारतीय खाद्य पदार्थ, मिलेगा फायदा

वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते, फिर भी सफल नहीं हो पाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि सिर्फ व्यायाम और डाइट पर ध्यान देना काफी नहीं है। इसके साथ ही सही खान-पान का भी ध्यान रखना जरूरी है। इसके लिए डाइट में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जो शरीर की ऊर्जा बढ़ाने से लेकर भूख कम करने जैसे कई लाभ प्रदान कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि वजन घटाने के लिए क्या-क्या खान-पान करना चाहिए।



**दही**

दही एक ऐसा दूध से बना उत्पाद है, जो प्रोटीन, कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह शरीर की ऊर्जा को बढ़ावा देने और पेट की चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा दही में अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो पाचन क्रिया को सही रखने में मदद कर सकते हैं। वजन घटाने के लिए दही में कुछ चम्मच ओट्स मिलाकर खाएं। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**हरी चाय**

हरी चाय में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसका सेवन शरीर की ऊर्जा को तेज करने और भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। अगर आप रोजाना एक कप हरी चाय का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद मिल सकती है। यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**तिल**

तिल सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये कई जरूरी विटामिन और खनिजों का अच्छा स्रोत होते हैं। यह पाचन तंत्र को सुधारने में भी मदद करता है। इसके अलावा तिल में ऐसे फैटी एसिड होते हैं, जो शरीर की ऊर्जा को बढ़ावा देने और भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। तिल का सेवन सेहत के लिए लाभदायक होता है।

**बादाम**

बादाम में विटामिन-ई के साथ-साथ फाइबर और प्रोटीन होते हैं। ये गुण बादाम को वजन घटाने के लिए एक अच्छा विकल्प बनाते हैं। बादाम का सेवन भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है और वजन घटाने के लिए जरूरी पोषक तत्व प्रदान कर सकता है। इसके अलावा बादाम का सेवन शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी मदद कर सकता है।

# रवि बाबू की फिल्म रेजर का ट्रेलर रिलीज

पारंपरिक कहानियों को तोड़कर रचनात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मशहूर रवि बाबू अपनी अब तक की सबसे दमदार फिल्म रेजर के साथ वापसी कर रहे हैं। सुरेश बाबू के सुरेश प्रोडक्शंस द्वारा प्रस्तुत और फ्लाइंग फ्रॉग्स द्वारा निर्मित यह एक्शन थ्रिलर 8 मई को वैश्विक सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही, निमार्ताओं ने आज रेजर का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है, जो एक रोमांचक और अप्रत्याशित अनुभव का वादा करता है। रवि बाबू की फिल्म रेजर का ट्रेलर भय और टूटे हुए मन से प्रेरित एक अंधेरे, मनोवैज्ञानिक संसार को दशार्ता है, जो फिल्म को 8 मई को रिलीज होने वाली एक रोमांचक फिल्म के रूप में प्रस्तुत करता है। ट्रेलर में रवि बाबू एक डॉग ग्रूमर से रक्षक बने व्यक्ति की भूमिका में नजर आते हैं, जो एक युवा लड़की को लगातार खतरे से बचाते हुए अपनी सीमाओं को पार कर जाता है। जब मौत लगातार पीछा करने लगती है और बचना नामुमकिन हो जाता है, तो रक्षक देवदूत विनाश के दूत में बदल जाता है, कहानी का सार यही है। दया गायब हो जाती है और झिझक मिट जाती है, बस शुद्ध, बेरोक क्रोध ही रह जाता है। जिसे वह प्रिय मानता है, उसकी रक्षा के लिए, रोष, क्रोध, अराजकता और नरसंहार मिलकर रेजर को जन्म देते हैं। यह एक ऐसा किरदार है जिसमें



तीव्र तीव्रता और भावनात्मक गहराई दोनों की आवश्यकता होती है, और रवि बाबू इस द्वंद्व को सहजता से निभाते हैं। लेखक-निर्देशक के तौर पर, रवि बाबू ने रेजर में अपनी खास अंदाज वाली अप्रत्याशितता को एक ज्यादा सुलभ और दिलचस्प कहानी कहने के तरीके के साथ मिलाया है। तकनीकी मोर्चे पर, यह फिल्म चरण माधवननी की शानदार सिनेमैटोग्राफी की वजह से सबसे अलग दिखती है, जो फिल्म के गंभीर और बेचैन कर देने वाले माहौल को बखूबी दिखाती है।

# भव्य सांस्कृतिक संध्या बढ़ते कदम-आत्मनिर्भर भारत की ओर का सफल आयोजन, भावुक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (राजू बोहरा)।** आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं संगीत संध्या बढ़ते कदम-आत्मनिर्भर भारत की ओरह्व का सफल आयोजन इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस, न्यायपालिका, प्रशासन तथा विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की प्रतिष्ठा को और बढ़ा दिया।

कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण विशेष रूप से सक्षम बच्चों के समूह विश्वास विद्यालय द्वारा प्रस्तुत समूह गान रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। देशभक्ति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विजय सिंह (आईपीएस, संयुक्त पुलिस आयुक्त दिल्ली), आर.एस. सागर (आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिल्ली), डी.पी. वालिया, श्री संजीव ऋषि (आईआरएस, सहायक आयुक्त सीजीएसटी), आशीष शर्मा (उप पुलिस





अधीक्षक, सीबीआई दिल्ली), विजय चंदना (उप श्रम आयुक्त) एस. सुनील (उप निदेशक, खेल, शिक्षा विभाग दिल्ली) सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

इसके अलावा मोहम्मद आरिफ (टेक्निकल हेड, आईजीएल), श्रीमती रेनुका चौहान (अतिरिक्त अधीक्षक, दिल्ली कारागार), श्री योगेंद्र सिंह (उप अधीक्षक, दिल्ली कारागार), राम मनोहर मिश्रा, राम कुमार, मनोज मुद्गल (निरीक्षक, दिल्ली पुलिस), श्रीमती अंशु मोंगिया, डॉ. विजेंद्र शर्मा, पार्श्व गायक/अभिनेता सिकंदर राजा हसन, पार्श्व गायक दीपक राणा, श्री प्रवेश गौर (स्वास्थ्य निरीक्षक, एमसीडी) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों और अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को मानसिक विश्राम प्रदान करना तथा उनके समर्पण और सेवा भाव का सम्मान करना रहा। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों में अध्यक्ष नरेश बैसला, कोषाध्यक्ष श्री पंकज चौहान, महासचिव श्रीमती रचना जैन, कार्यकारी सदस्य वेद प्रकाश, संरक्षक जोगिंदर सिंह (पूर्व एसडीएम), प्रभारी (उत्तर प्रदेश) मोहम्मद जीशान, संरक्षक जफर लारी, उपाध्यक्ष मयंक जैन, सचिव मांगे राम, संयुक्त सचिव श्रीमती सरिता, कार्यकारी सदस्य मोंटू कुमार, संरक्षक श्रीमती कमला मीना (डीसीपी), प्रभारी हरियाणा वीर भान और वित्त सलाहकार अमित सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण केवल कर्तव्य पालन से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता और मानसिक संतुलन से भी संभव है। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में बाहरी लोग ने छात्र को बेरहमी से की मारपीट,प्रिंसिपल कार्यालय तक पहुंचे बाहरी लोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र मोहम्मद तनवीर के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है पीड़ित छात्र हयातनगर का निवासी है,जबकि आरोपियों का संबंध सरायतरीन इलाके से बताया जा रहा है। इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है।

आरोप है कि कुछ बाहरी लोग स्कूल परिसर में घुस आए और सीधे प्रिंसिपल के कार्यालय तक पहुंचकर छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की सवाल यह उठता है कि जब स्कूल के सबसे



सुरक्षित माने जाने वाले स्थान में यह घटना हो सकती है, तो अन्य छात्रों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि उसी कक्षा के छात्र दाऊद द्वारा उसे लंबे समय से परेशान किया जा रहा था और अपने समूह में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी विवाद के चलते यह घटना हुई। छात्र के मुताबिक वह इन सबसे दूर रहना चाहता था, लेकिन उसे निशाना बनाया गया। घटना के बाद जब परिजन शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने प्रबंधन पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया गया। इससे परिवार में आक्रोश और निराशा का माहौल है।

मारपीट में घायल छात्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके होंठ पर गंभीर चोट पाई गई है अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# डिलीवरी ब्वॉय की डाबरी फ्लाईओवर पर कार चालक की टक्कर से मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (अनिता)।** राजधानी दिल्ली के फ्लाईओवर पर हाथ से रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन फ्लाई और ऊपर उल्टी सीधी गाड़ियां चलने के कारण तू व्हीलरों के साथ हद से हो रहे हैं। राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला के डाबरी फ्लाईओवर पर एक फूड डिलीवरी एजेंट की स्कूटर कार से टकराने के बाद नीचे गिरने से मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस को सुबह 7:35 बजे पीसीआर कॉल मिली कि पंखा रोड स्थित डाबरी फ्लाईओवर से एक व्यक्ति नीचे गिर गया है और उसे तुरंत इलाज की जरूरत है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को फ्लाईओवर पर एक क्षतिग्रस्त स्कूटर और एक कार मिली। गंभीर रूप से घायल स्कूटर सवार को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक की पहचान झारखंड के गोड्डा निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। वह दिल्ली में एक निजी फूड डिलीवरी कंपनी में डिलीवरी एग्जीक्यूटिव था। पुलिस के मुताबिक, हादसे में शामिल कार दिल्ली नंबर की है और डाबरी के एक व्यक्ति के नाम रजिस्टर्ड है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। हादसे की वजह पता करने के लिए जांच जारी है।

# हज यात्रियों पर बढ़ा खर्च : एयरलाइंस की मांग के बाद किराए में 400 डॉलर से अधिक की बढ़ोतरीपर ओवैसी ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हज यात्रा के हवाई किराए के बढ़ने पर नाराजगी जताई है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से 'हवाई किराए में अंतर' के नाम पर अतिरिक्त 10 हजार रुपए की मांग कर रही है। यह तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपए वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। उन्होंने लिखा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? यह सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते; वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे बचाते हैं।



ओवैसी ने आगे लिखा कि उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए, और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए। उन्होंने लिखा कि सर किरेन रिजिजू इस सर्कुलर को वापस ले लीजिए; यह उचित नहीं है।

बता दें कि हज कमेटी की ओर से 28 अप्रैल को एक पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि हज 2026 के सभी तीर्थयात्रियों को सूचित किया जाता है कि मध्य पूर्व में चल रहे संकट से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हवाई चार्टर संचालन के लिए हवाई किराए में एक बार के संशोधन को मंजूरी दे दी है। हज कमेटी की ओर से कहा गया कि संशोधित हवाई किराए में प्रति तीर्थयात्री 100 यूएसडी की अतिरिक्त राशि शामिल है, चाहे उनका प्रस्थान बिंदु कोई भी हो, जिसका वहन तीर्थयात्रियों को स्वयं करना होगा।

हज कमेटी की ओर से बताया गया कि यह फैसला एयरलाइंस की तरफ से बार-बार की गई उन गुजारिशों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिनमें उन्होंने मिडिल ईस्ट में मौजूदा हालात की वजह से एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के चलते बेस फेयर में 400 यूएसडी से ज्यादा की बढ़ोतरी की मांग की थी; यह फैसला तथ्यों की ठीक से जांच-पड़ताल करने और सभी संबंधित पक्षों से सलाह-मशवरा करने के बाद लिया गया है।

# मैदान गढ़ी पुलिस स्टेशन ने सनसनीखेज डकैती का किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**बुलसन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले की पुलिस ने मैदान गढ़ी पुलिस स्टेशन इलाके में हुई एक सनसनीखेज डकैती का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में लूटे गए सामान का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भी बरामद कर लिया है। यह मामला 13 अप्रैल 2026 को दर्ज एफआईआर संख्या 124/26 के तहत सामने आया था, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल के अनुसार 13 अप्रैल को हरगोविंद एन्क्लेव, मेडन गढ़ी क्षेत्र में यह वारदात हुई। पीड़िता गुड्डी (35 वर्ष) घर पर अकेली थीं, तभी तीन बदमाश उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने खुद को उनके पति द्वारा भेजा हुआ बताकर घर में प्रवेश किया। अंदर घुसते ही उन्होंने महिला को काबू कर लिया, उसके साथ मारपीट की और उसे बाथरूम में बंद कर दिया। आरोपियों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। इसके बाद अन्य साथियों ने पूरे घर की तलाशी ली और करीब 45 लाख रुपये के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। लूटे गए सामान में सोने-चांदी के आभूषण जैसे मंगलसूत्र, चेन, अंगूठियां, कंगन, पायल आदि शामिल थे। घटना के बाद किसी तरह पीड़िता ने खुद को मुक्त किया और शोर मचाया। घायल अवस्था में उसे मदन मोहन मालवीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका चिकित्सीय परीक्षण किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त महरौली के निगरानी में मैदान गढ़ी



थानाध्यक्ष प्रहलाद सिंह यादव के नेतृत्व में थाने की एक विशेष टीम जिसमें सब इंस्पेक्टर रामवतार,सब इंस्पेक्टर नरेंद्र एवं एएसआई मंजीत, हेड कांस्टेबल राजवीर, कांस्टेबल वसीम अकरम का गठन किया गया। थाने की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और एक आरोपी पृथ्वी सिंह की पहचान की। तकनीकी जांच और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के विश्लेषण से उसकी लोकेशन राजस्थान की ओर जाती हुई पाई गई। इसके बाद पुलिस टीम राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र पहुंची और लगातार चार दिनों तक छापेमारी की। शुरूआती प्रयासों में आरोपियों ने बचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने लगातार पीछा करते हुए विभिन्न स्थानों जैसे खेतों, जंगलों और पहाड़ी इलाकों से आरोपियों को पकड़ लिया। इस कार्रवाई में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी सुरेंद्र अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में रंजीत सिंह (24 वर्ष), लक्ष्मीनारायण सिंह (29 वर्ष), पार्थवी सिंह (24 वर्ष), राम केश (23 वर्ष) और राम करण सिंह (25 वर्ष) शामिल हैं। इनमें से राम केश चोरी के सामान का रिसीवर बताया गया है। पुलिस के अनुसार राम करण सिंह पहले भी चोरी और सेंधमारी के चार मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार सोने के कंगन, एक सोने का टीका, एक सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां, दो सोने के झुमके, चांदी की पायल और बिछुए बरामद किए हैं। कुल मिलाकर लूटे गए सामान का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पुलिस ने रिकवर कर लिया है। दक्षिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि टीम की तत्परता, तकनीकी जांच और समन्वित प्रयासों के चलते इस मामले का समय रहते खुलासा किया जा सका। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन पुलिस की दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। फिलहाल फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# पीसीएस अधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में वानर सेना संगठन ने पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की मदद की, 25 लाख रुपये देकर कराया उपचार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जौनपुर।** पीसीएस अधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में वानर सेना संगठन द्वारा पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्र्ल्ल्ङ्घ्र्ङ्कं को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। संगठन की ओर से उन्हें पहले ही 25 लाख रुपये की मदद दी जा चुकी है, जिससे उनके उपचार में काफी सहयोग मिला। वानर सेना संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचकर विनोद कांबली से मिले और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बताया जाता है कि पिछले काफी समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे और आर्थिक स्थिति



कमजोर होने के कारण इलाज में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। संगठन द्वारा दी गई इस मदद से विनोद कांबली ने खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया था। वे समय-समय पर वानर सेना संगठन के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा भी करते रहते हैं।

# दिल्ली से भेजे गए दो बच्चे कानपुर के राजकीय बाल सुधार गृह से भागे, तलाश जारी, सुराग अब तक नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां राजकीय बाल सुधार गृह से पढ़ने के लिए जाते समय फरार हुएदो बच्चों का सुराग अभी तक नहीं मिल पाया है । उनकी तलाश लगातार की जा रही है ,लेकिन उनका सुराग समाचार लिखे जाने तक नहीं मिल पाया है। फरार हुए बच्चों में एक बच्चा शहर का है, जबकि दूसरा फतेहपुर का रहने वाला है। घटना के बाद अधीक्षक ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक फतेहपुर के हेजड़ी नीम बाकरगंज चौकी क्षेत्र निवासी 12 वर्षीय बालक और कानपुर के गंगापुर कॉलोनी, आजाद नगर निवासी 15 वर्षीय किशोर दिल्ली में गुमशुदा हालत में मिले थे। इसके बाद

**कर्मचारियों ने तुरंत बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की रिपोर्टकल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है**

दोनों को कानपुर के कल्याणपुर स्थित राजकीय बालक गृह भेजा गया, जहां उनकी देखरेख की जा रही थी। बच्चों का दाखिला पास के स्कूल में भी कराया गया था। यह घटना सुबह तब हुई जब करीब 10 बजे दोनों बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजा गया था, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे दोनों स्कूल से ही फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही राजकीय बालक गृह में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने तुरंत बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की रिपोर्ट कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई गई है। इस बारे में जानकारी देते जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि अधीक्षक रतन की ओर से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस दोनों बच्चों की तलाश में जुटी है लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# डॉ0 भरत माहेश्वरी ने पंचकूला में "आधुनिक सुविधाओं से लैस कृष्णा डेंटल क्लिनिक और इम्प्लांट सेंटर" का किया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी के बेटे डॉ भरत माहेश्वरी ने पंचकूला में आधुनिक सुविधाओं से लैस



कृष्णा डेंटल क्लिनिक और इम्प्लांट सेंटर खोला है जिसका पूजा अर्चना के बाद आज शुभारंभ किया गया। डॉ0 भरत माहेश्वरी ने गुरुवार की देर शाम बताया कि हमारे यहां डेंटल इम्प्लांट्स, डिजिटल डेंटल स्कैनर, डेंटल वेनियर्स, जबड़े की हड्डी टूटने की मरम्मत, आरसीटी (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), क्राउन ब्रिज (दांतों को ठीक करना), दर्द रहित निष्कर्षण, स्केलिंग एवं पॉलिशिंग,दांतों को सफेद करना, बुद्धि दांत की सर्जरी, पूर्ण कृत्रिम दांत, दाँत का रंग भरना, दंतपट्टिका, स्माइल डिजाइनिंग, डिजिटल डेंटल एक्स-रे, आदि की सुविधा है।

उद्घाटन के अवसर पर आशीष अग्रवाल, पूजा चौधरी, जय प्रकाश माहेश्वरी, मुकेश माहेश्वरी, मनीषा माहेश्वरी, पायल चैची, राम सिंह चौधरी, कमलेश,हरि खुराना, सलीम, असलम अंसारी,डॉ आकाश वर्मा आदि मौजूद थे' आगंतुकों का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# पति को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 190000 रुपए : महिला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ( सुदेश बिश्नोई)।** पति से विदेश भेजने के नाम पर पैसे हड़प लिए और वहां जाकर पता चला की नौकरी नहीं लगी है और वहां उसे बंधक बनवाकर प्रताड़ित किया जाने लगा पति ने सूचना दी तो पीड़िता कार्रवाई के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रही है। शबाना पत्नी नौशाद निवासी सिकंदराबाद का कहना है कि गांव के सददन आदि कुछ लोगों ने उसके पति को कुवैत कतर दुबई बहरीन आदि देशों में नौकरी दिलाने के सपने दिखाकर जाल में फंसा लिया और दिसंबर 2025 में उसको बहला फुसलाकर पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज ले लिए कहा 50 हजार दो तेरा पासपोर्ट लगवा कर कुवैत की वीजा लगवा देंगे। उसने उक्त लोगों को रुपए दे दिए महिला का कहना था कि उक्त लोग उसे अन्य सपने दिखाकर और पैसों की मांग करने लगे और एक दिन उसके पति को कुवैत भेज दिया वहां पहुंचने के तीन दिन बाद से ही उसके पति द्वारा इन लोगों से शिकायत करने पर उसे बंधक बना लिया गया और अब उसका फोन भी वहां पर नहीं उठाया जा रहा है। पीड़िता शिकायत लेकर उनके घर पहुंची तो उन्होंने धक्के देकर घर से भगा दिया और कहा कि अगर पंगा लिया तो तेरा पति जिंदा नहीं लौटेगा। पीड़िता उक्त लोगो के खिलाफ कार्रवाई के लिए दर-दर भटक रही है

**तीखा हमला**

## विशेष सत्र से पहले मुख्यमंत्री का विपक्ष पर तीखा हमला, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर घेरा

# कांग्रेस और सपा जन्मजात महिला विरोधी, गिरगिट की तरह बदलते हैं रंग: सीएम योगी

**ममदूद आलम वारसी**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र से पहले पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इन दलों को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति इनके रवैये की निंदा के लिए यह विशेष सत्र बुलाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा जन्मजात महिला विरोधी हैं और उनके व्यवहार



में महिलाओं के प्रति सम्मान का अभाव साफ दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी प्रदेश में सपा की सरकार रही, महिलाओं के खिलाफ अपराध और अत्याचार की घटनाएं बढ़ीं और कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब रही। उन्होंने स्टेट गेस्ट हाउस कांड जैसे मामलों का भी जिक्र करते हुए विपक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

**विपक्ष ने छवि सुधारने का मौका गंवाया**

सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष के पास अपनी छवि सुधारने का अवसर था। वे नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक का समर्थन कर महिलाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते थे, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। इसके बजाय विपक्ष लगातार इस प्रयास में लगा है कि यह अधिनियम प्रभावी रूप से लागू न हो सके। सदन में विपक्ष को करेंगे बेनकाब मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष सत्र में पूरे दिन इसी मुद्दे पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तीकरण मिला है, और सरकार महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि चर्चा के दौरान विपक्षी दलों के रुख और उनके इतिहास को सामने लाया जाएगा। विपक्ष से माफी मांगने की अपील सीएम योगी ने विधानसभा के सभी सदस्यों से चर्चा में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि यदि उनमें नैतिक साहस है तो वे स्पष्ट करें कि उन्होंने नारी शक्ति वंदन विधेयक का विरोध क्यों किया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें अपनी गलती का अहसास है तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए और निंदा प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन नेताओं की निंदा आवश्यक है, जिन्होंने महिलाओं को राजनीतिक सशक्तीकरण और आरक्षण के लाभ से वंचित रखने का काम किया है।

# दिल्ली में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश, कई इलाकों में गिरे ओले

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली ( ऐजाज अली) ।** राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज बदल गया है। दिल्ली में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में ओले भी गिरे हैं। आकाश में घने बादल छाए रहने से ही दिन में अंधेरा जैसा दिख रहा है।

जानकारी के मुताबिक दोपहर बाद आकाश में अचानक बादल छा गए और हवाएं चलने लगी। 3.30 बजे के बाद झमाझम बारिश होने लगी।

इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। ताजा जानकारी के मुताबिक इससे पहले मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में कहा था कि गुरुवार को दोपहर बाद से बादल छाए रहेंगे। बदलो की गड़गड़ाहट,गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में तेज हवाएं चलेंगी।

हवा की गति 30-40 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है और दोपहर बाद या शाम के समय 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग के अनुसार, सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, चरखी दादरी, मट्टनहेल, झज्जर, फरुखनगर, कोसली, महेंद्रगढ़, सोहना, रेवाड़ी, पलवल में हल्की आंधी और बिजली (30-40 किमी/घंटा तेज हवाएं) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267